दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
वर्ष : 11 अंक : 116 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 16 मई, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

### पेट्रोल डीजल की बचत भी उत्पादन करने के समान

## पीएम मोदी का पेट्रोल डीजल के बचत की अपील देश प्रथम की भावना से प्रेरित : भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों में इलेक्ट्रिक कार में ही सवार होकर पहुंचे, होटल मैरियट में आयोजित राजस्थान एनर्जी कॉनकेव में भी इलेक्ट्रिक कार में सवार होकर आए**





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों में इलेक्ट्रिक कार में सवार होकर ही पहुंचे, उनके सुरक्षा प्रोटोकॉल के काफिले में पांच गाड़ियां नजर आई, शुक्रवार को होटल मेरियट में आयोजित राजस्थान एनर्जी कॉन्क्लेव में भी मुख्यमंत्री शर्मा इलेक्ट्रिक कार में ही सवार होकर पहुंचे, ऊर्जा से संबंधित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी इलेक्ट्रिक गाड़ी में ही सवार होकर आए थे। इस कार्यक्रम में ऊर्जा विभाग के उच्च अधिकारियों के अलावा देश और विदेश के ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने वाले लोग और कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को संबोधित करते की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेट्रोल और डीजल की एक-एक बूंद को बचाने की जो अपील है वह उनकी राष्ट्र प्रथम भावना की सोच को दर्शाती है। इसलिए वैश्विक संकट की वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर जो हालात बने हुए हैं उसमें अगर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहे अनुसार पेट्रोल और डीजल की बचत करते हैं तो यह निश्चित रूप से देश हित में होगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की बचत करना भी एक तरह से पेट्रोल डीजल का उत्पादन करने जैसा ही है इसलिए करीब 140 करोड़ की आबादी वाले भारत देश में अगर हम पीएम मोदी के कहे अनुसार पेट्रोल और डीजल की बचत करेंगे तो 1 दिन में ही हम काफी बचत कर सकते हैं इससे एक तरफ जहां हमें पेट्रोल और डीजल का आयात कम करना पड़ेगा जिसकी वजह से हमारा विदेशी मुद्रा भंडार भी बचेगा तो दूसरी तरफ पर्यावरण में भी काफी सुधार होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम में ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोग मौजूद हैं इसलिए इस कार्यक्रम में ऊर्जा से संबंधित सभी विषयों पर सामूहिक संवाद और मंथन होगा इसलिए यह कार्यक्रम प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में विकास में पंख लगाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है और हम सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में पूरे देश में पहले स्थान पर हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल और डीजल में बचत करने की अपील के बाद हमारी सरकार ने पेट्रोल और डीजल की बचत काम करने के प्रयास में कई कदम उठाए हैं जिसमें सरकार के मंत्रियों ने भी अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल में गाड़ियों की संख्या काफी कम की है तो अन्य तरह से भी पेट्रोलऔर डीजल में बचत के लिए सरकार लगातार दिशा निर्देश जारी कर रही है ।

### एनर्जी कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री की 'ग्रीन' एंट्री

आमतौर पर मुख्यमंत्री का काफिला दर्जनों गाड़ियों और सुरक्षा के मजबूत घेरे के साथ निकलता है शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होटल मेरियट में आयोजित राजस्थान एनर्जी कांक्लेव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए तो एक अलग ही नजारा देखने को मिला मुख्यमंत्री शर्मा ने अपनी नियमित गाड़ी को छोड़कर इलेक्ट्रिक कार की सीट संभाली और वह भी वीआईपी की तरह पीछे की सीट पर बैठकर नहीं बल्कि ड्राइवर के साथ वाली सीट पर बैठकर होटल मैरियट पहुंचे यह पहला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अपील के अनुरूप मानी जा रही है जिसमें उन्होंने संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और सादगी की बात कही थी, यह कोई पहली बार नहीं है जब मुख्यमंत्री ने फिजूल खर्ची रोकने की कोशिश की हो पदभार संभालने के बाद से ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सादगी के हितेषी रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल की गाड़ियों में सिर्फ पांच गाड़ियां ही सुनिश्चित की हुई है कई गाड़ियों को उन्होंने प्रोटोकॉल से हटा दिया है राजस्थान एनर्जी कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र के 3 विकास निवेश के अपार संभावनाओं और हरित ऊर्जा, आधारित भविष्य के लिए राज्य सरकार के स्पष्ट विजन को साझा किया, साथ ही निवेशकों को राजस्थान में निवेश कर ऊर्जा क्षेत्र की नई संभावनाओं से जुड़ने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि राजस्थान आज सोलर एवं रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है रिकॉर्ड सौर ऊर्जा उत्पादन, ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर का विस्तार और निवेश अनुकूल नीतियों प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही है द्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र प्रथम के आवाहन से प्रेरित होकर पेट्रोल डीजल की बचत, ऊर्जा संरक्षण और इसे जन भागीदारी से जन आंदोलन बनाने की अपील की, उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राजस्थान को देश की एनर्जी कैपिटल बनाने के संकल्प के साथ हरित विकास नवाचार और रोजगार सृजन को निरंतर गति दे रही है द्य

## अश्वनी वैष्णव ने अधिकारियों से बिजली संयंत्रों के अपशिष्ट को राष्ट्रीय संपदा में बदलने में मदद करने का आग्रह किया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** रेल सुधारों के लिए एक बड़ी सफलता के रूप में, भारतीय रेलवे ने पिछले चार महीनों में सीमेंट की आवाजाही में 170 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। यह वृद्धि रेलवे द्वारा पिछले वर्ष नवंबर में सीमेंट परिवहन में बड़ी संख्या में किए गए सुधारों के बाद हुई है। ये सुधार निर्बाध एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स के लिए नए बल्क सीमेंट टैंक कंटेनरों पर आधारित हैं। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कंटेनर क्षेत्र के सुधारों और उनके कार्यान्वयन की समीक्षा की, बड़ी तादाद में सीमेंट की रेल-आधारित आवाजाही बढ़ाने और सड़क परिवहन से स्वच्छ और अधिक कुशल रेल लॉजिस्टिक्स की ओर बदलाव को प्रोत्साहित करने के लिए सीमेंट सुधारों को लागू किया गया था। रेलवे ने सीमेंट के मल्टीमॉडल हैंडलिंग को आगे बढ़ाने के लिए अनुकूलित टैंक कंटेनर और बल्क सीमेंट टर्मिनल नीति लागू की। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नई प्रणाली ने लोडिंग और अनलोडिंग को आसान बना दिया है और इसमें सामग्री की बर्बादी भी कम होती है। एक स्थान पर उत्पादित सीमेंट अब विशेष टैंक कंटेनरों में सीधे उपभोग केंद्रों तक पहुंचाया जा सकता है जिससे कई हैंडलिंग प्रक्रियाओं में कमी आती है और प्लांट-टू-मार्केट दक्षता में सुधार होता है। चूंकि कंटेनर मानक आकार के हैं और रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) मशीनों के अनुकूल हैं, इसलिए सीमेंट निर्माण स्थलों तक उपयोग के लिए तैयार रूप में पहुंचता है। इससे हैंडलिंग के दो चरण कम हो गए हैं जिससे लॉजिस्टिक्स लागत कम हुई है और प्रक्रियाओं में तेजी आई है। सीमेंट लॉजिस्टिक्स में ये बेहतर बदलाव निर्माण उद्योग में खामोशी के साथ एक बड़ी क्रांति ला रहा है। हैंडलिंग चरणों और लॉजिस्टिक्स लागतों को कम करके, सीमेंट की कुल डिलीवरी लागत में कमी आने की उम्मीद है जिससे निर्माण सामग्री अधिक किफायती हो सकती है। यह लागत दक्षता आवास की मांग के लिए खास तौर पर अहमियत रखती है, क्योंकि यह मूल्य श्रृंखला में निर्माण लागतों पर दबाव कम करके गरीब और मध्यम वर्ग के लिए आवास को अधिक किफायती बनाने के लक्ष्य में मददगार साबित हो रही है। नए मेक इन इंडिया टैंक कंटेनर, ट्रेन से ट्रेलर और वापस ट्रेन में निर्बाध परिवहन के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जिससे कुशल डोर-टू-डोर लॉजिस्टिक्स समाधान मिल पा रहे हैं। प्रत्येक कंटेनर में मशीनीकृत लोडिंग और अनलोडिंग की सुविधा है, साथ ही पारंपरिक बोरीबंद सीमेंट परिवहन की तुलना में रिसाव और पैकेजिंग नुकसान भी कम होता है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह सुधार पर्यावरण के भी अनुकूल है, क्योंकि लोडिंग और अनलोडिंग के दौरान धूल का उत्पादन काफी कम हो गया है। इन कंटेनरों के ज़रिए थोक परिवहन में बदलाव से ईंधन की खपत कम हो रही है, उत्सर्जन घट रहा है और स्वच्छ लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिल रहा है, साथ ही सड़कों पर भीड़भाड़ भी कम हो रही है। सीमेंट परिवहन में सफलता के बाद रेलवे अब फ्लाई ऐश परिवहन के लिए भी इसी तरह के सुधारों पर काम कर रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस क्षेत्र की समीक्षा करते हुए।

### प्रधानमंत्री की ईंधन संयम की अपील पर मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला

## बूंद-बूंद से सागर बनता है, छोटी-छोटी बचत से आएगा बड़ा अंतर- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर(कासं.)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की खपत में संयम बरतने की अपील के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आगामी 23 से 25 मई तक जेईसीसी, जयपुर में प्रस्तावित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम-2026) को कुछ समय के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का समझदारी से उपयोग करने का आग्रह किया है और सार्वजनिक परिवहन तथा कारपूलिंग अपनाने की सलाह दी है। इसे दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री ने ग्राम जैसे बड़े आयोजन को स्थगित करने का फैसला किया, क्योंकि इस आयोजन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में किसान तथा देश-विदेश से कृषि विशेषज्ञ और उद्यमी शामिल होने वाले थे। इस निर्णय से अतिथियों के आवागमन और लॉजिस्टिक्स परिवहन में लगने वाला ईंधन बचाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ईंधन बचत और ऊर्जा संयम के संदेश का अनुसरण करते हुए राज्य सरकार बड़े राजकीय कार्यक्रमों की संख्या में कमी ला रही है। साथ ही, वर्चुअल माध्यम से बैठकों एवं वाहन उपयोग में किफायत बरतने को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने आमजन से भी वाहनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि बूंद-बूंद से सागर बनता है, यदि हम सभी थोड़ा-थोड़ा संयम बरतें तो तेल के खर्च में बहुत बड़ा अंतर लाया जा सकता है।

## भजनलाल शर्मा इलेक्ट्रिक कार से दफ्तर पहुंचे, प्रदेश की जनता को पेट्रोल डीजल की बचत करने का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स



**अपने**
**सुरक्षा प्रोटोकॉल में निर्धारित गाड़ियों में से आदि से ज्यादा गाड़ी पहले ही कर दी, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और आमजन से भी पेट्रोल और डीजल का कम से कम उपयोग करने की अपील की**

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशवासियों को पेट्रोल और डीजल का कम उपयोग करने की अपील को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा काफी गंभीरता से लिए हुए हैं जिस दिन मोदी ने पेट्रोल और डीजल का कम उपयोग करने की बात देश के लोगों से कही थी उस दिन ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल की निर्धारित गाड़ियों में आदि से ज्यादा गाड़ियां हटा दी और सिर्फ पांच गाड़ियों के साथ प्रदेश भर में भ्रमण कर रहे हैं । आजकल मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश के दूर दराज के गांव में जाकर रात्रि चौपाल का आयोजन करके ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से ज्यादा से ज्यादा मुलाकात और संवाद कर रहे हैं । लेकिन इस दौरान भी मुख्यमंत्री के साथ गाड़ियों की संख्या काफी कम देखी जा रही है मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों से भी कहा है कि वह कम से कम पेट्रोल और डीजल का उपयोग करें । मुख्यमंत्री ने भाजपा के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं से भी आग्रह किया है कि वे अपने कार्यक्रमों में कम से कम गाड़ियों की संख्या रखें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को जब इलेक्ट्रिक कर से जयपुर में अपने दफ्तर में पहुंचे तो उन्हें देखकर सब अचरज में पड़ गए क्योंकि यह एक नया नजारा था जब राजस्थान का मुख्यमंत्री एक मामूली इलेक्ट्रिक कार में सवार होकर मुख्यमंत्री के कार्यालय में पहुंचे। मुख्यमंत्री कार्यालय में नियुक्त अधिकारी और कर्मचारी भी उनका सादगी पूर्ण अंदाज और पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करने का यह नया अंदाज देखकर आश्चर्यचकित रह गए जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री शर्मा ने इलेक्ट्रिक कार से अपने दफ्तर में पहुंचकर सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को तो पेट्रोल और डीजल का उपयोग कम करने का यह संदेश दिया ही है इसके अलावा उन्होंने आमजन से भी इसी तरह से पेट्रोल और डीजल का उपयोग कम करने की सीख दी है वैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से सबसे पहले अपने प्रोटोकॉल के काफिले में गाड़ियों की संख्या कम करने को देखकर राजस्थान सरकार के करीब करीब सभी मंत्रियों ने अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल में गाड़ियों की संख्या बिल्कुल कम कर दी है। कई मंत्री को सिर्फ सिंगल गाड़ी से ही एक जगह से दूसरी जगह भ्रमण करते नजर आ रहे हैं शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तरह ही इलेक्ट्रिक कार में बैठकर अपने सरकारी दफ्तर पहुंचे इस तरह से यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का असर राजस्थान सरकार से जुड़े छोटे-बड़े सभी लोगों पर जबरदस्त तरीके से हुआ है और अब प्रदेश में विभिन्न सरकारी विभाग से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी भी इसी तरह से पेट्रोल और डीजल का कम उपयोग करने की दिशा में तेजी से खुद को बदलने का प्रयास कर रहे हैं जो एक अच्छी पहल कहीं जा सकती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की जनता से अपील की है कि बहुत जरूरी होने पर ही निजी वाहन का प्रयोग करें उसमें भी एक घर में अगर कई वाहन हैं तो सभी परिवार वाले एक ही गाड़ी में बैठकर जाने के बारे में गंभीरता से विचार करें इसके अलावा सरकारी कर्मचारी भी सामूहिक रूप से किसी एक गाड़ी या एक कार में सवार होकर घर से दफ्तर और दफ्तर से घर आ सकते हैं जा सकते हैं इसके अलावा ट्रांसपोर्ट परिवहन के साधनों का उपयोग करें, कम दूरी की जगह पर साइकिल का उपयोग करें इस तरह से अगर हम खुद को बदलने का प्रयास करेंगे तो निश्चित रूप से पेट्रोल और डीजल में काफी बचत होगी जिससे एक तरफ खर्चा काफी बचेगा तो दूसरी तरफ सरकार को भी पेट्रोल और डीजल की व्यवस्था करने में काफी मदद मिलेगी ।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरोंसिंह शेखावत को अर्पित की श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरोंसिंह शेखावत की 16वीं पुण्यतिथि पर विद्याधर नगर स्थित स्मृति स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति का राजस्थान के विकास में अहम योगदान रहा और उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भैरोंसिंह शेखावत को उनके कार्यों के लिए जनमानस आज भी याद करता है। पूर्व उपराष्ट्रपति ने राजस्थान में पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार किया था, जिसे बाद में पूरे देश में भी अपनाया गया। उन्होंने कहा कि स्व. भैरोंसिंह शेखावत ने प्रदेश में किसान, मजदूर और युवाओं के हित में महत्वपूर्ण काम किए थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद मंजू शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों एवं आमजन ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले उन्होंने प्रातःकाल मुख्यमंत्री निवास पर पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरोंसिंह शेखावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।



# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
16 मई, 2026


# मुख्यमंत्री, रेल मंत्री एवं केंद्रीय वन मंत्री ने वर्चुअल जुडकर किया 111 करोड़ रूपये की लागत से अलवर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का किया शिलान्यास

### मुख्यमंत्री ने अलवर (भिवाड़ी) में प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर क्लस्टर का किया उद्घाटन

### 6 गुना वृद्धि के साथ इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग 13 लाख करोड़ रूपये पहुंची, मोबाईल भारत से निर्यात होने वाली पहली नम्बर की कमोडिटी - केन्द्रीय रेल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव

### भिवाड़ी को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए संकल्पित, सेमीकंडक्टर्स और इलेक्ट्रोनिक मैन्युफैक्चरिंग को तेजी से बढ़ाएंगे -केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव






जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को अलवर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर अलवर संसदीय क्षेत्र के विकास को गति देने के उद्देश्य से करीब साढ़े 400 करोड़ रूपये के विकास परियोजनाओं का रिमोट का बटन दबाकर उद्घाटन व शिलान्यास तथा अलवर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास हेतु 111 करोड़ रूपये की राशि के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा एवं उत्तर-पश्चिम रेलवे मंडल के महाप्रबंधक अमिताभ बतौर अतिथि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए हर क्षेत्र में प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। गत दो वर्षों से अधिक समय में 35 नीतियों को लागू कर राज्य सरकार ने अनुकूल औद्योगिक वातावरण का निर्माण किया है, जो कि विकसित भारत-विकसित राजस्थान/2047 की ओर महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में सिरमौर बनाने के क्रम में पवन और सौर ऊर्जा सहित अक्षय ऊर्जा की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) द्वारा हरियाणा के रास्ते दिल्ली से जोड़ने की परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। वहीं, यमुना जल समझौते के तीव्र क्रियान्वयन के साथ ही, सरकार अलवर के निकट बांदीकुई में एक बड़े इण्डस्ट्रीयल एरिया की स्थापना भी करने जा रही है। उन्होंने भिवाड़ी में सेमीकंडक्टर क्लस्टर का जिक्र करते हुए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ग्राम और वार्ड के सुनियोजित विकास के लिए विकसित ग्राम-वार्ड अभियान की दूरगामी पहल की है। इसके अन्तर्गत राज्य सरकार सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण और आवश्यकताओं को समाहित करते हुए गांवों के विकास का ब्लू प्रिंट तैयार कर रही है।

केंद्रीय रेल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अलवरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 111 करोड़ रूपये की लागत से अत्याधुनिक एवं राजस्थान के कल्चर एवं स्थापत्य कला को समाहित करते हुए रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री ने 10 हजार 228 करोड़ रूपये का बजट रेलवे को दिया है। उन्होंने कहा कि अमृत योजना के तहत 85 रेलवे स्टेशन चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 15 स्टेशनों का काम पूर्ण हो चुका है। 5 वंदे भारत व 1 अमृत भारत रेल गाडी राजस्थान में चल रही है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर्स एक महत्वपूर्ण इंडस्ट्री है। आज भारत में 12 सेमीकंडक्टर प्लांट हो गये हैं और विभिन्न उपकरणों की चिप्स का निर्माण हो रहा है। राजस्थान का नाम भी इस इंडस्ट्री से जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में देश ने गत 12 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई है। आज भारत में 6 गुना वृद्धि के साथ इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग 13 लाख करोड़ रूपये पहुंच गई है। वहीं, मोबाईल भारत से निर्यात होने वाली पहली नम्बर की कमोडिटी बन गई है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रोनिक्स कम्पोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के अन्तर्गत 75 प्रोजेक्ट स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भिवाड़ी के इलेक्ट्रोनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में 1 हजार 200 करोड़ रूपये का इन्वेस्टमेंट है। इससे लगभग 2 हजार 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। प्लांट से हर साल 6 करोड़ चिप्स की मैन्युफैक्चरिंग होगी। उन्होंने कहा कि अमृत योजना के अन्तर्गत पूरे राजस्थान में 85 रेलवे स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है। जिनमें से 15 रेलवे स्टेशनों का निर्माण पूरा हो चुका है। इसी प्रकार, अलवर का भव्य रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा।

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि संसदीय क्षेत्र अलवर का सर्वांगीण विकास पहली प्राथमिकता है तथा चहुंमुखी विकास और अच्छी सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आमजन को अलवर में बेहतर कनेक्टिविटी, सुरक्षित यात्रा, मजबूत आधारभूत संरचना की दिशा में निरन्तर काम किया जा रहा है। उन्होंने अलवर संसदीय क्षेत्र के सभी निवासियों को साढ़े 400 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों की मिली सौगात के लिए बधाई देते हुए मुख्यमंत्री एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताते हुए कहा कि अलवर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से स्टेशन का सुन्दर स्वरूप निखरने के साथ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अलवर में 3 रेलवे स्टेशन राजगढ, गोविन्दगढ एवं खैरथल का पुनर्विकास कार्य कर सौगात देने के साथ-साथ यहां 8 ट्रेनों का ठहराव भी शुरू कराया है। साथ ही 7 नई ट्रेनों के ठहराव के प्रस्ताव भी दिए गए है। उन्होंने आशा जताई की यह सुविधा भी यथाशीघ्र अलवरवासियों को मिलेगी।

केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भिवाड़ी में 61 करोड़ रूपये के 34 एलएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण किया गया है। वहीं, 52 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के 34 एमएलडी एसटीपी ट्रीटेड वाटर लाइन का शिलान्यास किया गया है। यह जल भराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि देश के नक्शे पर भिवाड़ी को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए हम संकल्पित हैं। भिवाड़ी को ऑटोमोबाईल के साथ-साथ सेमीकंडक्टर्स और इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने आरआरटीएस और यमुना जल समझौते की तीव्र प्रगति के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के ऊर्जा संरक्षण व आत्मनिर्भता के मार्ग पर चलते हुए कार्यक्रम को वर्चुअली आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि भिवाडी के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से नीमराना-भिवाडी लिंक, केएमपी से जोडने, भिवाडी को टपूकडा से जोडने का काम किया जा रहा है। इसी प्रकार आरआरटीएस के कार्य को बहरोड़ तक लाकर अगले चरण में अलवर तक लाए जाने पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि रामगढ में मूर्तिकारों को आगे बढाने हेतु विश्वास दिलाया।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ईवी वाहन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य के दृष्टिगत देशवासियों से ऊर्जा संरक्षण व आत्मनिर्भता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया है। इससे ना केवल ऊर्जा का संरक्षण होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा।

## अलवर रेलवे स्टेशन पर ये सुविधाएं होंगी विकसित

अलवर रेलवे स्टेशन पर 111 करोड़ रूपये के पुनर्विकास कार्यों के तहत अत्याधुनिक एवं राजस्थान के कल्चर एवं स्थापत्य कला को समाहित करते हुए सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिसमें एक अतिरिक्त हाई लेवल प्लेटफार्म, 2 फुट ओवर ब्रिज, 9 आधुनिक लिफ्ट्स, निजी वाहन एवं टैक्सी के लिए ड्रॉप एवं पिकअप जोन, सुव्यवस्थित आगम-प्रस्थान के लिए स्टेशन के दोनों तरफ सुगम प्रवेश एवं निकास द्वार, 4 हजार 500 वर्गमीटर क्षेत्र में नई पार्किंग सुविधा, स्टेशन के बाहरी क्षेत्र में ट्रैफिक प्रबंधन के लिए कार्य, 1900 वर्गमीटर क्षेत्र को वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए विकसित किया जाएगा। यह परियोजना अलवर को आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ पर्यटन एवं रोजगार के लिए सशक्त केंद्र रूप में स्थापित करेगी। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, तिजारा विधायक महन्त बालकनाथ, रामगढ विधायक सुखवंत सिंह, डेयरी चेयरमैन नितिन संगवान, उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ, डीआरएम रवि जैन, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिला कलक्टर खैरथल-तिजारा अतुल प्रकाश, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता व महासिंह चौधरी, पूर्व विधायक जयराम जाटव व रामहेत यादव, पं. धर्मवीर शर्मा, संजय नरूका, बन्नाराम मीणा, नरेश गोयल, ऋषिराज शर्मा, हरिओम कटारा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, प्रमोद विजय, दीपक पंडित, अरुण जैन, प्रदीप जैन, सुमन चौधरी, अंजू शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित है।

## फ्रिज व ए.सी. सर्विस और रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं टूलकिट वितरित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे 30 दिवसीय फ्रिज व ए.सी. सर्विस और रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पीएनबी उप मण्डल प्रमुख, अलवर सतीश खंडेलवाल रहे। आरसेटी निदेशक जे पी मीणा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उप मण्डल प्रमुख सतीश खंडेलवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण लेने के बाद अपना व्यवसाय शुरू कर सफलता के शिखर को छूने का प्रयास करें और उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से प्रशिक्षणार्थियों की जीवन शैली को नई दिशा मिलेगी एवं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संस्था निदेशक जे पी मीणा ने बैंकिंग सम्बन्धी जानकारी दी और प्रशिक्षणार्थीयो को जीवन में कड़ी मेहनत और आत्मनिर्भरता का महत्व समझाया और साथ ही बताया कि मई माह के चतुर्थ सप्ताह से संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के पुरुषो के लिए ष्टष्टञ्जङ्क इंस्टालेशन और सर्विसिंग का 13 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी। सभी प्रशिक्षुओ का मूल्यांकन नैसर की और से शशि यादव और मोहन सिंह ने किया। समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थीयो को संस्था की तरफ से सभी प्रशिक्षणार्थीयो को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं सर्विस और रिपेयरिंग से सम्बंधित टूलकिट वितरित किए गए। इस अवसर पर समस्त आरसेटी स्टाफ मौजूद रहे।लकर बेटियों को पूरी सुरक्षा देंगे। अलवर में सेवा का एक बेहतर माहौल बना है।

## मूक बधिर सहित जरूरतमंद बेटी का किया चरण धोकर कन्यादान, लिया आशीर्वाद

### नेक कमाई ने अब तक किए 351 कन्यादान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से एक मूक बधिर सहित दो जरूरतमंद बेटियों का कन्यादान किया गया। इसके साथ ही नेक कमाई अब तक 351 कन्यादान कर चुका है। नेक कमाई की ओर से आकस्मिक सूचना मिलने पर एक गाडिया लुहार की बेटी ओर एक ग्रामीण क्षेत्र से आई मूक बधिर बालिका का कन्यादान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक दौलत राम हजरती ने नेक कमाई के चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रयास वीरा महावीर इंटरनेशल संस्था की अध्यक्ष लता शर्मा रही जबकि अध्यक्षता शिक्षाविद् हर्ष मल्होत्रा थी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू महासंघ की जिला महामंत्री रूबी वर्मा तथा अन्तराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन की अध्यक्ष संगीता सिंह और समाजसेवी महेन्द्र गोयल थे। कार्यक्रम में प्रयास वीरा महावीर इंटरनेशल की उपाध्यक्ष लता शर्मा, ज्योति शर्मा, नीलम तथा रामकला, अर्चना आमेरिया, सुनीता शर्मा और पायल प्रधान थी। संचालन सुनीता शर्मा ने किया। इस अवसर पर सेवा कार्यों के लिए संगीता सिंह और हर्ष मल्होत्रा का सम्मान किया गया। अंत में अभिषेक तनेजा ने आभार जताया। कन्यादान में प्रयास वीरा महावीर इंटरनेशल और खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर वीरा महावीर इंटरनेशल संस्था की अध्यक्ष लता शर्मा ने कहा कि नेक कमाई सराहनीय कार्य कर रहा है जिसने कन्यादान में कीर्तिमान स्थापित किया है। जिससे प्रेरित होकर और संस्थाएं भी इस क्षेत्र में आगे आई हैं। कार्यक्रम में शिक्षाविद हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि कन्यादान से बड़ा और कोई काम नहीं हो सकता है जिसमें दान करने से धन की सदगति होती है। कार्यक्रम में अन्तराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन की अध्यक्ष संगीता सिंह ने कहा कि अलवर में बेटियों के कल्याण के लिए नेक कमाई शानदार कार्य कर रही है। बेटियों के सुखी रहने से ही हम अच्छे समाज की कल्पना कर सकते हैं। विश्व हिंदू महासंघ की जिला महामंत्री रूबी वर्मा ने कहा कि हम सब मिलकर बेटियों को पूरी सुरक्षा देंगे। अलवर में सेवा का एक बेहतर माहौल बना है।

## दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर 10 लाख रुपये लूटने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### नकली सोने की ईंट दिखाकर व्यापारियों को फंसाते थे आरोपी, पुलिस ने 2 हजार रुपये के इनामी बदमाश को दबोचा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर 10 लाख रुपये छीनकर फरार होने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ. दीपक कुमार तथा वृत्ताधिकारी रामगढ़ पिंटू कुमार के सुपरविजन में नौगावां थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय बघेल को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 2 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार 4 मई 2026 को आरोपियों ने मुंबई निवासी परिवादी से संपर्क कर स्वयं को जेसीबी ऑपरेटर बताया और खुदाई के दौरान सोने की ईंट मिलने की बात कही। आरोपियों ने परिवादी को सस्ते दामों में सोने की ईंट बेचने का झांसा दिया। इसके बाद जयपुर में नकली सोने की ईंट से असली सोने का सैंपल देकर विश्वास में लिया गया। सैंपल जांच में सही पाए जाने पर परिवादी सौदे के लिए तैयार हो गया। आरोपियों ने परिवादी को 10 लाख रुपये लेकर दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर बुलाया, जहां उससे रुपये छीनकर फरार हो गए। इस संबंध में 8 मई 2026 को पुलिस थाना नौगावां में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने तकनीकी सहायता और आसूचना संकलन के आधार पर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अनुसंधान जारी है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी गूगल के माध्यम से गुजरात, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों के सरपंचों, ज्वैलर्स और व्यापारियों के नंबर तलाशते थे। इसके बाद खुदाई में सोने की ईंट मिलने का झांसा देकर लोगों को बुलाते थे। आरोपी नकली ईंट से असली सोने का छोटा टुकड़ा सैंपल के रूप में देते थे, जिससे लोग उनके जाल में फंस जाते थे। बाद में या तो नकली सोने की ईंट थमा देते थे या फिर नकदी छीनकर फरार हो जाते थे। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय पुत्र गोपाल बघेल (32) निवासी भंडारा, थाना जुरहरा, जिला डीग के रूप में हुई है।

### पुलिस टीम रही सक्रिय

कार्रवाई में थाना प्रभारी हितेश शर्मा, उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल मुनीष सिंह, ओमप्रकाश, जफर, रविन्द्र, साइक्लोन सेल के संदीप एवं अमित सहित पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

## शीतल जल ऑटो सेवा का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** माहेश्वरी महिला मंडल की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए शहर में जगह जगह शीतल जल की सेवा ऑटो के माध्यम से जल सेवा का शुभारंभ समाजसेवी दीपचंद बिहानी के कर कमलों से माहेश्वरी भवन गणेश मंदिर से किया गया। माहेश्वरी ट्रस्ट के तत्वाधान में महिला मण्डल द्वारा ऑटो जल शीतल सेवा गर्मी के मौसम में जारी रहेगी। इस अवसर पर महिला मण्डल के सभी सदस्यों के साथ कन्हैयालाल धुत, हनुमान डागा, महेश डागा, गजानंद मिमानी, बाबूलाल डागा, ललित लखोटिया, बसंत सोमानी, विकास लखोटिया, राजकुमार खटोड, रामवतार चांडक, श्यामलाल तोषनीवाल सहित महिला मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बाल भारती इण्टरनेशनल के विद्यार्थियों ने फिर से लहराया परचम




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सीबीएसई बोर्ड की ओर से बारहवी कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम जारी किया गया है। जिसमें स्थानीय जिसमें बाल भारती इण्टरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने फिर से परचम लहराया। प्राचार्या चाँदकिरण शेखावत ने बताया कि कर्तव्य सिंह राठौड़ ने 91.60 प्रतिशत, ऋशांत शर्मा 90.2, अनुष्का बुगालिया ने 90, फहिम गौरी 88.2, रिषभ घोशाल 87.6, कृष्णा अग्रवाल 87, दीक्षा स्वामी 86.8, आँचल 86.6, लोकेश सिंवर 85.8, दिया ढ़ाका 85.6, सिद्धी जैन 85.2, जीनत 85, अमित सोनी 85, राहुल भामू 84.6, रिषभ सिंह 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कुल का नाम रोशन किया। साथ ही बाहरवीं के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। इस अवसर पर स्कूल संरक्षक लक्ष्मण राम खिलेरी व स्कूल प्रबन्धक बुधाराम खिलेरी, मुकेश खिलेरी व स्कुल निदेशक प्रेम नेहरा एवम् समस्त स्टाफ सदस्यों ने बाहरवीं के समस्त विद्यार्थियों को शुभकानाएं प्रदान की तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अलवर ऑब्स्ट एंड गायनी सोसायटी की नई कार्यकारिणी गठित

### एमटीपी एक्ट, एंडोमेट्रियोसिस और आरएच नेगेटिव प्रेगनेंसी मैनेजमेंट पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर रॉयल्स में आयोजित अलवर ऑब्स्ट एंड गायनी सोसायटी की कार्यशाला एवं बैठक में नई कार्यकारिणी टीम का गठन किया गया। बैठक में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सरोज जैन को सोसायटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि डॉ. रितिका गुप्ता को सचिव, डॉ. ऋचा गुप्ता को क्लीनिकल सचिव एवं डॉ. पायल को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही डॉ. देवयानी और डॉ. स्नेह यादव को सोसायटी का संरक्षक नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयपुर की प्रसिद्ध गायनाकोलॉजिस्ट डॉ. लीला व्यास एवं डॉ. निधि गुप्ता रहीं। कार्यशाला में अलवर जिले की 50 से अधिक स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. सविता थरेजा, डॉ. प्रेमलता, डॉ. इंदु वर्मा, डॉ. अर्चना, डॉ. मिथलेश गर्ग, डॉ. नंदिनी, डॉ. सुनीत मन्नतवाल एवं डॉ. नीलम सहित कई चिकित्सक उपस्थित रहे। इस अवसर पर एमटीपी एक्ट में हुए नवीन बदलाव, एंडोमेट्रियोसिस के एडवांस ट्रीटमेंट तथा आरएच नेगेटिव प्रेगनेंसी के मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों एवं नवीन उपचार तकनीकों की जानकारी साझा करते हुए चिकित्सकों को लगातार अपडेट रहने की आवश्यकता पर बल दिया।



## मोडावासी स्कूल में परिंडे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** गांव मोडावासी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में इतिहास विषय के व्याख्याता रामचंद्र सिंह राठौड़ के स्वागत व अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणों की ओर से कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को बूंदी व लड्डू का मीठा भोजन स्नेहपूर्वक परोसा गया। मनोज पूनिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य सुमन सरावग, विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणों ने भीषण गर्मी को देखते हुए पेड़ों पर मिट्टी के परिंडे बांधकर उनमें पानी भरा तथा पक्षियों के लिए दाना-चुग्गे की व्यवस्था की। साथ ही विद्यालय परिसर में गमलों में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। समारोह में रिटायर्ड तहसीलदार विक्रम सिंह, ओम कृष्ण चैनपुरा, सरपंच राजेश प्रजापति, फारुख चौहान, धीर सिंह, सहदेव सिंह, सुमन काजला, जितेंद्र मीणा, छत्तूराम डमीवाल, पोकरराम जालंद्रा, जंगवीर हरपालू, शफी चौहान, राष्ट्रपति सम्मानित यासीन खान चौहान, रजाक दौलतखानी, याकूब मलवान, मेहबूब मास्टर, रामसिंह राठौड़, अजीत सिंह, शिवेंद्र राठौड़, अनिल चाहर, अंजू पूनिया, प्रीति श्योराण, संदीप दायमा, बीरसिंह लुगारिया, नवीन शर्मा, विजेंद्र सिंह, सदीक खान, हाकम अली, अमजद जमालखानी, इक़बाल मलवान, नियामत अली खान सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों व स्टाफ सदस्यों ने पदोन्नत होकर फलोदी स्कूल में नियुक्त हुए रामचंद्र सिंह राठौड़ का अभिनंदन करते हुए उनके शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट सेवाएं देने की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान रामचंद्र सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को आपसी प्रतिस्पर्धा के साथ पढ़ाई करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर ध्यान देने तथा पेड़-पौधों एवं पशु-पक्षियों की सेवा करने की प्रेरणा दी। अंत में प्रधानाचार्य सुमन सरावग ने सभी का आभार व्यक्त किया।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
16 मई, 2026

## मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना में पंजीकरण शुरू

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा अंतर्गत मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, पथ विक्रेताओं और लोक कलाकारों का वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक महेन्द्र कुमार तिवाड़ी ने बताया कि इस योजना के तहत 41 से 45 वर्ष आयु वर्ग के पात्र श्रमिकों को शामिल किया जाएगा। योजना के तहत लाभार्थियों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3 हजार रुपए की पेंशन प्रदान की जाएगी। पेंशन राशि मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक पात्र व्यक्ति आवेदन के लिए भांकरी रोड स्थित राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के उपनिदेशक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन के समय जन आधार कार्ड, स्वयं एवं पति-पत्नी का विवरण, ई-श्रम कार्ड (यूएएन नंबर), बैंक बचत खाते की पासबुक और कैंसिल चेक जैसे आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। जो लाभार्थी कार्यालय आने में असमर्थ हैं, वे अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र पर जाकर भी योजना के तहत पंजीकरण करवा सकते हैं।

## दौसा जिले की सभी पांच विधानसभा क्षेत्र में सरकार की योजनाओं का हो रहा है जमकर प्रचार प्रसार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए चल रहे ग्राम रथ अभियान के तहत शुक्रवार को दोसा जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल ने बताया कि दौसा विधानसभा क्षेत्र में महेश्वरा कलां, प्रेमपुरा और पालावास में कार्यक्रम किए गए। इसी प्रकार लालसोट क्षेत्र में निर्झरना, चौण्डियावास और संवासा में आयोजन किया गया। बांदीकुई क्षेत्र में नारायणपुरा, कोलतपुरा और अरनिया में कार्यक्रम किए गए। इसी तरह सिकराय क्षेत्र में खवारावजी, बालावास और हापावास में जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। महवा क्षेत्र में नांगल, ढिगारिया कपूर और लोटवाड़ा में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत भवन, आईटी केंद्र एवं सार्वजनिक स्थलों पर आमजन को योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान कला-जत्था कलाकारों द्वारा गीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई।

## यात्रियों की सुविधा हेतु 2 जोडी रेलसेवाओं में डिब्बों की स्थाई बढोतरी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 2 जोडी रेलसेवाओं में 2-2 द्वितीय कुर्सीयान श्रेणी के डिब्बों की स्थाई बढोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 20993/ 20994, उदयपुर सिटी-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से दिनांक 24.5.26 से तथा उदयपुर सिटी से दिनांक 25.5.26 तक 2 द्वितीय कुर्सीयान श्रेणी के डिब्बों बढोतरी की जा रही है।गाडी संख्या 20987/ 20988, उदयपुर सिटी- असारवा- उदयपुर सिटी रेलसेवा में उदयपुर सिटी से दिनांक 24.5.26 से तथा असारवा से दिनांक 25.5.26 तक 2 द्वितीय कुर्सीयान श्रेणी के डिब्बों बढोतरी की जा रही है। इन दोनो रेलसेवाओं में डिब्बों की बढोतरी के पश्चात 2 थर्ड एसी, 2 वातानुकूलित कुर्सीयान, 3 द्वितीय शयनयान, 2 द्वितीय कुर्सीयान, 4 साधारण श्रेणी व 1 पॉवरकार व 1 गार्ड डिब्बे सहित कुल 15 डिब्बे होंगे।

## निरंतर संवाद और बैठकों से मजबूत हो रहा संगठनात्मक समन्वय : राज्यवर्धन सिंह राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ लगातार सक्रिय भूमिका में नजर आ रहे हैं। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने अपने निवास पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों से मुलाकात की। आत्मीय माहौल में हुई इस बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, क्षेत्र में प्रगतिरत विकास कार्यों, संपूर्ण हो चुके जनहित के कार्यों और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक



में कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों ने झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। बैठक में उन कार्यों की भी समीक्षा की गई जो हाल ही में पूरे हुए हैं। कार्यकर्ताओं ने बताया कि क्षेत्र में सड़कों के निर्माण और मरम्मत, जलभराव की समस्या के समाधान, सार्वजनिक स्थलों के विकास, पेयजल व्यवस्थाओं और सामुदायिक सुविधाओं को लेकर जनता में सकारात्मक माहौल है। कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से सड़क निर्माण, ड्रेनेज व्यवस्था, जल निकासी, पेयजल, बिजली, सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों का उल्लेख करते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से आगामी कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी सुझाव लिए।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस आजः जनभागीदारी से डेंगू पर प्रहार, जिलेभर में चलेंगी व्यापक जागरूकता गतिविधियां

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बदलते मौसम के साथ डेंगू जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता व स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम 'जनभागीदारी रू डेंगू नियंत्रण के लिए जांच करें, सफाई रखें और ढककर रखें' निर्धारित की गई है, जिसके माध्यम से आमजन को डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग, नगर निकायों व विभिन्न विभागों के समन्वय से विशेष अभियान चलाया जाएगा। स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, चिकित्सा संस्थानों व सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को डेंगू के लक्षण, बचाव व रोकथाम के उपायों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर साफ पानी में पनपते हैं, इसलिए घरों एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देना अत्यंत आवश्यक है। कूलर, टंकियां, गमले, टूटे बर्तन, टायर एवं अन्य जल पात्रों की नियमित सफाई कर उन्हें ढककर रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

# प्रदेश भाजपा कार्यालय में भैरों सिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, मदन राठौड़ सहित कई नेताओं ने शेखावत की फोटो पर पुष्प अर्पित किए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे पूर्व उपराष्ट्रपति भेरू सिंह सिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस मौके पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित पार्टी के संगठन से जुड़े कई नेताओं ने शेखावत की फोटो पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जयपुर के अलावा जोधपुर सीकर झुंझुनू उदयपुर कोटा अजमेर भरतपुर दोसा सहित कई अन्य जिलों में भी राजपूत समाज के विभिन्न संगठनों की ओर से तथा भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं की ओर से शेखावत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रदेश भाजपा



कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेता मौजूद रहे इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भले ही आज शेखावत हमारे बीच में नहीं हो लेकिन उन्होंने राजस्थान के विकास और राजस्थान के गरीब मजदूर तथा किसानों के कल्याण के लिए जो कार्य किया है उन कार्यों को राजस्थान के लोग ही नहीं बल्कि पूरे देश के लोग आज भी याद करते हैं शेखावत ने राजस्थान में सबसे पहले अंत्योदय योजना की शुरुआत की थी इस योजना की शुरुआत बाद में देश के अन्य राज्यों में भी हुई राठौर ने कहा कि एक साधारण से परिवार में जन्म लेने के बाद शेखावत राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे और देश के उपराष्ट्रपति पद पर भी सुशोभित रहे इसके अलावा उन्होंने पहले जनता पार्टी और फिर भारतीय जनता पार्टी को राजस्थान में स्थापित करने में जो प्रयास किया उसी का नतीजा है कि आज राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी एक विशाल वट वृक्ष के रूप में स्थापित हो गई है पत्रकारों से बातचीत के दौरान मदन राठौड़ ने कहा कि स्वर्गीय शेखावत का ग्रामीण विकास और निर्धन लोगों के कल्याण के लिए हमेशा अथक प्रयास करते रहे शेखावत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में जीवन भर लोकप्रिय रहे क्योंकि वह लगातार गांव में भ्रमण करते रहते थे और लोगों से मुलाकात करके उनके समस्याओं को जानकर उनका निवारण करते रहते थे इसलिए शेखावत जहां भी जाते थे उनका नाम सुनते ही लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो जाते थे उन्होंने कहा कि शेखावत काफी सरल, दूरदर्शी, ईमानदार और समर्पित जननायक नेता के रूप में राजस्थान की राजनीति में ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में जाने जाते हैं देश भर के सभी पॉलिटिकल लोग उनका काफी सम्मान किया करते थे और उनकी काफी इज्जत किया करते थे शेखावत को राजनीति का अजातशत्रु माना जाता था ।

## उत्तर पश्चिम रेल प्रशासन की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष जागरूकता अभियान का आगाज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर 15 मई से 5 जून 2026 तक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया जायेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के महत्व और मदर अर्थ (धरती माता) के समक्ष चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करना है। पर्यावरण संरक्षण का उत्तरदायित्व आज व्यक्ति विशेष का न होकर सभी का हो गया है ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ जीवन प्रदान किया जा सके। ऊर्जा संरक्षण के साथ पर्यावरण को सुदृढ़ बनाने के लिए रेलवे भी लगातार सकारात्मक कदम उठा रहा है, जिसमें परम्परागत संसाधनों के स्थान पर पर्यावरण अनूकुल स्त्रोतो का अधिकाधिक उपयोग किया जा रहा हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे अपने प्रयासों को गति प्रदान कर प्रदूषण रहित पर्यावरण की मुहिम को बढाने के साथ-साथ राजस्व की भी बचत कर रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर जलवायु परिवर्तन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करने हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा गत शुक्रवार से 5 जून 2026 तक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया जायेगा। इस विशेष जागरूकता अभियान के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडलों और यूनिटो में भी जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही स्टेशनों पर भी कार्यक्रम आयोजित कर रेल यात्रियों की सहभागिता सुनिश्चित कर उनको भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग करने के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए स्काउट व गाइड द्वारा जागरूकता रैली निकाली जाएगी व नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जाएंगा।उत्तर पश्चिम रेलवे, प्रधान कार्यालय सहित मंडलों एवं कार्यशालाओं में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान, ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण तथा मिशन लाइफ के सिद्धांतों पर आधारित जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

## नीट पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान और मदन दिलावर दोनों जवाबदेही से भाग रहे : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर देश के तकरीबन 22 लाख बच्चों के भविष्य के साथ जो खिलवाड़ हुआ है उसने भारतीय जनता पार्टी के असली चेहरे को बेनकाब कर दिया है। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस पूरे घटनाक्रम पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपी भाजपा नेता खुद सीबीआई हिरासत में यह कबूल कर रहे हैं कि बड़े लोगों को बचाया जा रहा है। जूली ने सीधे शब्दों में सवाल दागा है कि आखिर कौन हैं भाजपा के वे बड़े लोग, जो देश के मासूम बच्चों के भविष्य और उनकी मेहनत के साथ सरेआम खिलवाड़ कर रहे हैं? केंद्र से लेकर राज्य तक, भाजपा सरकारें सिर्फ और सिर्फ अपराधियों को संरक्षण देने और अपनी जवाबदेही से भागने में लगी हुई हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस पूरे मामले में केंद्र सरकार का रवैया बेहद शर्मनाक रहा है। देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपनी नैतिक जिम्मेदारी से लगातार भाग रहे हैं। आज पूरे देश में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कार्यशैली और विश्वसनीयता की घोर निंदा हो रही है, अख़बारों में इसके ऊपर सम्पादकीय लिखे जा रहे हैं लेकिन इसके बावजूद शिक्षा मंत्री हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। वो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर कोई ठोस कार्रवाई करने और देश के छात्रों को न्याय देने के बजाय सिर्फ और सिर्फ अपनी जवाबदेही से बचने के बहाने ढूंढ रहे हैं। जूली ने कहा कि केंद्र की नाकामी तो जगजाहिर थी ही, लेकिन राजस्थान में तो स्थिति और भी बदतर है। यहां बड़े मियां



तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह वाली कहावत पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर इस बेहद गंभीर और संवेदनशील मुद्दे पर इतने संवेदनहीन हो चुके हैं कि वे नीट पेपर लीक जैसी भयानक घटना को कोई बड़ी बात नहीं बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। लाखों युवाओं के सपनों के टूटने का इन लोगों में तनिक सा भी अहसास या पछतावा नहीं है। यह बयान प्रदेश के युवाओं के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो नेता मंचों से पेपर लीक-पेपर लीक चिल्लाते नहीं थकते थे, आज जब उनके राज में देश की सबसे बड़ी परीक्षा का पेपर लीक हो गया तो दोनों ने रहस्यमयी चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल अब इस मुद्दे पर एक शब्द भी बोलने को तैयार नहीं हैं।

## ग्राम रथ से दी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत शुक्रवार को मंडावा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में उत्साहपूर्ण व आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम रथ के मंडावा पंचायत समिति परिसर में पहुंचने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर कई लोगों ने योजनाओं का लाभ भी प्राप्त किया। विकास अधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत गांव-गांव एलईडी वैन के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्राम रथ के गांवों में पहुंचते ही लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा कार्यक्रम स्थलों पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं, युवाओं और किसानों ने कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान 13 विभागों की प्रमुख योजनाओं का डिजिटल माध्यम से जीवंत प्रसारण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश भी ग्रामीणों को सुनाया गया, जिसमें उन्होंने आमजन से सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। ग्राम रथ अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग की सहभागिता से कृषकों, पशुपालकों व ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रत्येक ग्राम रथ में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं की ऑडियो व वीडियो प्रस्तुति की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं को समझने में आसानी हो रही है। कार्यक्रमों में स्थानीय लोक कलाकारों ने गीत, भजन एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी रोचक अंदाज में प्रस्तुत की। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने जहां ग्रामीणों का मनोरंजन किया, वहीं योजनाओं के लाभ व आवेदन प्रक्रिया को भी सरल भाषा में समझाया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर



पर विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शिका व प्रचार सामग्री वितरित कर जागरूक किया। ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम रथ के साथ विशेष सुझाव पेटिका भी रखी गई, जिसमें ग्रामीणों ने अपने सुझाव व फीडबैक दर्ज कराए। पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब और किसान के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ग्राम रथ अभियान सरकार और आमजन के बीच मजबूत संवाद का माध्यम बन रहा है तथा इससे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। मंडावा तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे योजनाओं की सही जानकारी प्राप्त कर पात्रता अनुसार लाभ लें तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करें। पर्यवेक्षक कोमल राजपूत ने कहा कि ग्राम रथ अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता का प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है। लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों के जरिए योजनाओं की जानकारी सहज एवं सरल रूप में लोगों तक पहुंच रही है, जिससे आमजन में सकारात्मक संदेश जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर उन्हें योजनाओं के लाभ से जोड़ना है। ग्राम रथ अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता का सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है।

## मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने आरटीओ कार्यालय का निरीक्षण किया और खुद का लाइसेंस भी रिन्यू करवाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गांव गांव जाकर रात्रि चौपाल का आयोजन करके ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण का प्रयास कर रहे हैं और सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं का फीडबैक भी ले रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास भी लगातार एक के बाद एक जिले में जाकर विभिन्न सरकारी कार्यालय और संस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं इस तरह से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के फील्ड में उतर जाने से निश्चित रूप से प्रदेश केप्रशासनिक व्यवस्था में जबरदस्त नयापन और गतिशीलता नजर आई है जिसका सीधा लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है मुख्य सचिव श्रीनिवास ने शुक्रवार को अचानक राजधानी जयपुर में झेलना में स्थित आरटीओ प्रथम कार्यालय का निरीक्षण किया मुख्य सचिव के अचानक कार्यालय में आने को देखकर आरटीओ कार्यालय में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई मुख्य सचिव ने आरटीओ कार्यालय थे प्रत्येक शाखा और कमरे में जाकर विभाग के कामकाज के बारे में आवश्यक जानकारी हासिल की इस दौरान मुख्य सचिव ने कार्यालय में मौजूद अपने जरूरी काम से आए लोगों से भी कार्यालय की व्यवस्थाओं के बारे में जानना चाहा आरटीओ प्रथम कार्यालय के निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव श्रीनिवास के साथ अतिरिक्त परिवहन आयुक्त और आरटीओ धर्मेंद्र कुमार भी मौजूद रहे मुख्य



सचिव श्रीनिवास ने धर्मेंद्र कुमार से विभाग के कामकाज के बारे में आवश्यक फीडबैक लिया और अपनी ओर से आवश्यक दिए मुख्य सचिव ने विभाग के अधिकारियों से साफ कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है इसलिए अगर कहीं भी किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी और किसी भी तरह की कोई शिकायत आती है तो उसके खिलाफ सरकार कड़ी कार्रवाई करने को पूरी तरह से तैयार है इसलिए परिवहन विभाग के कामकाज को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिका के तरीके से किया जाए और यहां लोगों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना करना नहीं पड़े इसका पूरा ध्यान रखा जाए इस मौके पर मुख्य सचिव श्रीनिवास ने अपने ड्राइविंग लाइसेंस को भी यहां रिन्यू करवाया ।

# नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए गए दिनेश के कहे अनुसार सरकार बड़े मगरमच्छों के नाम करें उजागरः डोटासरा और जूली की मांग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने शुक्रवार को राजस्थान कांग्रेस के प्रधान कार्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया इस संवाददाता सम्मेलन में डोटासरा और जूली ने केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार से पुरजोर मांग की है कि नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए गए दिनेश ने साफ कहा है कि हम तो छोटी मछली हैं बड़े मगरमच्छों के खिलाफ कार्रवाई करो तो अब सरकार को यह बताना चाहिए कि इस पेपर लीक मामले में कौन-कौन बड़े मगरमच्छ हैं और उन सब मगरमच्छों को गिरफ्तार करना चाहिए। इन दोनों नेताओं ने पत्रकारों से कहा कि यह बड़ा ही ताज्जुब का विषय है कि इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री का अब तक किसी भी तरह का कोई बयान नहीं आया। 11 दिन बाद केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का जो बयान आया उस बयान से प्रतीक होता है कि बड़े स्तर पर एक बड़ी रणनीति के तहत इस पेपर को लीक किया गया डोटासरा और जूली ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान ने 11 दिन बाद कहा है कि अब दोबारा से इस परीक्षा के लिए ठोस प्रबंध किए जाएंगे और अब यह पेपर लिक नहीं होगा इसका मतलब तो यही होता है कि जो पेपर लीक हुआ था उसकी जानकारी उन्हें थी क्योंकि अब केंद्रीय मंत्री इस बात की कैसे गारंटी ले रहे हैं कि अब पेपर लीक नहीं होगा इसलिए कहीं ना कहीं इस पेपर लीक मामले में बड़े स्तर पर पेपर लीक की रणनीति तैयार की गई डोटासरा और टीकाराम जूली ने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले दो साल से बार-बार पेपर लीक और बड़े मगरमच्छों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रहे थे लेकिन नीट पेपर लीक मामले में उनका कोई बयान अब तक नहीं आया डोटासरा और जूली ने कहा कि जब मुख्यमंत्री बड़े-बड़े मगरमच्छों को गिरफ्तार करने की भाषण बाजी कहते हैं तो अब उन्हें नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए गए दिनेश के कहे अनुसार बड़े मगरमच्छों के नाम का खुलासा भी करना चाहिए और उनकी गिरफ्तारी भी करनी चाहिए और अगर सरकार ने ऐसा नहीं किया तो फिर कांग्रेस पार्टी इस मामले को जनता के बीच लेकर जाएगी और सरकार से पूछेगी कि इस नीट पेपर लीक मामले में दिनेश के कहे अनुसार बड़े मगरमच्छों का नाम ओपन कीजिए। कांग्रेस पार्टी के इन दोनों नेताओं ने साफ कहा कि नीट पेपर पिछले 3 साल से बार-बार लीक हो रहा है और भाजपा शासन काल में 70 पेपर लीक हो चुके हैं और जब इस मामले में भाजपा सरकार से और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से सवाल पूछा जाता है तो फिर यह कह देते हैं कि पेपर लीक मामले की जांच में केरल सरकार अच्छा बता सकती है। इस तरह से भाजपा की सरकार और भाजपा के नेता मामले को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं डोटासरा और टीकाराम जूली ने पत्रकारों से कहा कि नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए गए दिनेश और मांगीलाल के फोटो भाजपा नेताओं के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं । उनके बारे में भाजपा के नेता और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर यह कहते हैं कि इस तरह के फोटो नेताओं के कार्यक्रमों में खींच लिए जाते हैं इस फोटो से यह साबित नहीं होता कि फोटो खींचने वाला भाजपा का नेता है डोटासरा और जूली ने कहा कि फोटो एक नेता के साथ या फिर दो नेता के साथ या फिर तीन नेता के साथ खींचा जा सकता है लेकिन यहां तो कई बड़े-बड़े नेताओं और दर्जनों नेताओं के साथ नीट पेपर मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों के फोटो भाजपा नेताओं के साथ खींचने के मामले उजागर हुए हैं तो फिर यह कैसे माना जा सकता है कि गिरफ्तार किए गए लोग भाजपा के नहीं हैं, डोटासरा और जूली ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले को भी प्रदेश की सरकार दबाना चाहती थी लेकिन यह तो सीकर के उन लोगों को शाबाशी देनी चाहिए जिन्होंने सबसे पहले एनटीए को मेल भेज कर पेपर लीक होने की जानकारी दी और पुलिस को भी अवगत करवाया बाद में यह मामला जब सोशल मीडिया में आया उसके बाद सरकार ने मजबूरी में यह कदम उठाया अन्यथा सरकार इस मामले को दबाना चाहती थी क्योंकि गिरफ्तार दिनेश बार-बार यह कहता है कि मैं तो छोटी मछली हूं बड़े मगरमच्छों को पकड़ो तो फिर बड़े मगरमच्छ को सरकार क्यों नहीं पड़ रही और बड़े मगरमच्छ का नाम सरकार उजागर क्यों नहीं कर रही ।

## सम्पादकीय

### आखिर हर साल क्यों बेबस दिखते हैं लोग? आंधी-तूफान और बिजली ने मचाई तबाही



उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने एक बार फिर यही दर्शाया कि मौसम की मार से बचाव के लिए एहतियात बरतने से लेकर सटीक पूर्वानुमान को लेकर तकनीकी स्तर पर अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। राज्य के कई इलाकों में बुधवार की शाम को तेज आंधी-तूफान, बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि एक तरह से कहर बरपा रही थी और आम लोग उसके सामने लाचार थे। कई जगहों पर तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई। कितनी ही जगहों पर भारी पेड़ उखड़कर वाहनों पर गिर गए और सड़कों के किनारे लगे बोर्ड उड़कर तेज रफ्तार से जमीन पर गिरे। करीब चौबीस घंटों के दौरान करीब सौ लोगों की जान चली गई, जबकि सैकड़ों लोग घायल हो गए। कई जिलों में दो हजार से ज्यादा गांवों में बिजली गुल हो गई। कुदरत के इस कहर के बाद मौसम विभाग ने राज्य के अड़तीस जिलों में आंधी, बारिश और बिजली गिरने की आशंका के मद्देनजर पीली चेतावनी जारी की, लेकिन अफसोस की बात यह है कि पूर्वानुमानों के बावजूद कई बार ऐसे हालात पैदा हो जाते हैं, जिनमें तूफान या बिजली गिरने की घटनाएं आम लोगों पर कहर बनकर टूटती हैं।

जाहिर है, मौसम की अपनी गति होती है और प्रकृति में उथल-पुथल के नतीजे में ऐसे हालात पैदा हो सकते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि अमूमन हर वर्ष अचानक मौसम का रुख बिगड़ने की आशंका के बावजूद आम लोग इससे बचाव के लिए एहतियात नहीं बरत पाते। इसका खमियाजा यह सामने आता है कि जिन हालात में कुछ लोगों की जान बच सकती थी, उसमें नाहक ही कई लोगों की जान चली जाती है।

राज्य में मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर बने चक्रवाती ढांचे और दक्षिण राजस्थान से आ रही हवाओं के प्रभाव से वहां कई जगहों पर अस्सी से सौ किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। नतीजतन, बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ। कई जगहों पर न केवल घरों की छत उड़ गई, बल्कि लोगों के लिए पांव टिकाना भी मुश्किल था। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसे मौसम में बचाव को लेकर जरूरी प्रशिक्षण के अभाव का नुकसान आम लोगों को किस स्तर पर उठाना पड़ता है।

संभव है कि पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के साथ-साथ मौसम साफ होने लगे और उसके बाद तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो, लेकिन इसके साथ यह भी सच्चाई है कि साल के इन महीनों में कई बार तेज रफ्तार से चलने वाला तूफान और ओलावृष्टि कई स्तर पर आम लोगों के लिए व्यापक क्षति और खतरे का वाहक बनते हैं।

पिछले कुछ वर्षों से हर बार यह देखा जाता है कि एक ओर तूफान में पेड़ या घर गिरने जैसी घटनाओं की वजह से कई लोग मारे जाते हैं, तो दूसरी ओर घर से लेकर फसलों तक को व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा, इस बात का अध्ययन किए जाने की जरूरत है कि हाल के वर्षों में बिजली गिरने की घटनाओं में तेज इजाफा क्यों हुआ है, क्योंकि अकेले इस कारण से भी देश भर में काफी संख्या में लोगों की जान जा रही है।

## कहानी

### बीरबल की पैनी दृष्टि

बीरबल बहुत नेक दिल इंसान थे। वह सैदव दान करते रहते थे और इतना ही नहीं, बादशाह से मिलने वाले इनाम को भी ज्यादातर गरीबों और दीन-दु:खियों में बांट देते थे, परन्तु इसके बावजूद भी उनके पास धन की कोई कमी न थी। दान देने के साथ-साथ बीरबल इस बात से भी चौकन्ने रहते थे कि कपटी व्यक्ति उन्हें अपनी दीनता दिखाकर ठग न लें।

ऐसे ही अकबर बादशाह ने दरबारियों के साथ मिलकर एक योजना बनाई कि देखें कि सच्चे दीन दु:खियों की पहचान बीरबल को हो पाती है या नही। बादशाह ने अपने एक सैनिक को वेश बदलवाकर दीन-हीन अवस्था में बीरबल के पास भेजा कि अगर वह आर्थिक सहायता के रूप में बीरबल से कुछ ले आएगा, तो अकबर की ओर से उसे इनाम मिलेगा।

एक दिन जब बीरबल पूजा-पाठ करके मंदिर से आ रहे थे तो भेष बदले हुए सैनिक ने बीरबल के सामने आकर कहा, 'हुजूर दीवान! मैं और मेरे आठ छोटे बच्चे हैं, जो आठ दिनों से भूखे हैं....भगवान का कहना है कि भूखों को खाना खिलाना बहुत पुण्य का कार्य है, मुझे आशा है कि आप मुझे कुछ दान देकर अवश्य ही पुण्य कमाएंगे।'

बीरबल ने उस आदमी को सिर से पांव तक देखा और एक क्षण में ही पहचान लिया कि वह ऐसा नहीं है, जैसा वह दिखावा कर रहा है।

बीरबल मन ही मन मुस्कराए और बिना कुछ बोले ही उस रास्ते पर चल पड़े जहां से होकर एक नदी पार करनी पड़ती थी। वह व्यक्ति भी बीरबल के पीछे-पीछे चलता रहा। बीरबल ने नदी पार करने के लिए जूती उतारकर हाथ में ले ली। उस व्यक्ति ने भी अपने पैर की फटी पुरानी जूती हाथ में लेने का प्रयास किया।

बीरबल नदी पार कर कंकरीले मार्ग आते ही दो-चार कदम चलने के बाद ही जूती पहन लेता। बीरबल यह बात भी गौर कर चुके थे कि नदी पार करते समय उसका पैर धुलने के कारण वह व्यक्ति और भी साफ-सुथरा, चिकना, मुलायम गोरी चमड़ी का दिखने लगा था इसलिए वह मुलायम पैरों से कंकरीले मार्ग पर नहीं चल सकता था।

'दीवानजी! दीन ह्रीन की पुकार आपने सुनी नहीं?' पीछे आ रहे व्यक्ति ने कहा।

बीरबल बोले, 'जो मुझे पापी बनाए मैं उसकी पुकार कैसे सुन सकता हूँ?'

'क्या कहा? क्या आप मेरी सहायता करके पापी बन जांएगे?'

'हां, वह इसलिए कि शास्त्रों में लिखा है कि बच्चे का जन्म होने से पहले ही भगवान उसके भोजन का प्रबन्ध करते हुए उसकी मां के स्तनों में दूध दे देता है, उसके लिए भोजन की व्यव्स्था भी कर देता है। यह भी कहा जाता है कि भगवान इन्सान को भूखा उठाता है पर भूखा सुलाता नहीं है। इन सब बातों के बाद भी तुम अपने आप को आठ दिन से भूखा कह रहे हो। इन सब स्थितियों को देखते हुए यहीं समझना चाहिये कि भगवान तुमसे रूष्ट हैं और वह तुम्हें और तुम्हारे परिवार को भूखा रखना चाहते हैं लेकिन मैं उसका सेवक हूँ, अगर मैं तुम्हारा पेट भर दूं तो ईश्वर मुझ पर रूष्ट होगा ही। मैं ईश्वर के विरूध्द नहीं जा सकता, न बाबा ना! मैं तुम्हें भोजन नहीं करा सकता, क्योंकि यह सब कोई पापी ही कर सकता है।'

बीरबल का यह जबाब सुनकर वह चला गया।

उसने इस बात की बादशाह और दरबारियों को सूचना दी।

बादशाह अब यह समझ गए कि बीरबल ने उसकी चालाकी पकड़ ली है।

अगले दिन बादशाह ने बीरबल से पूछा, 'बीरबल तुम्हारे धर्म-कर्म की बड़ी चर्चा है पर तुमने कल एक भूखे को निराश ही लौटा दिया, क्यों?'

'आलमपनाह! मैंने किसी भूखे को नहीं, बल्कि एक ढोंगी को लौटा दिया था और मैं यह बात भी जान गया हूँ कि वह ढोंगी आपके कहने पर मुझे बेवकूफ बनाने आया था।'

अकबर ने कहा, 'बीरबल! तुमनें कैसे जाना कि यह वाकई भूखा न होकर, ढोंगी है?'

'उसके पैरों और पैरों की चप्पल देखकर। यह सच है कि उसने अच्छा भेष बनाया था, मगर उसके पैरों की चप्पल कीमती थी।'

बीरबल ने आगे कहा, 'माना कि चप्पल उसे भीख में मिल सकती थी, पर उसके कोमल, मुलायम पैर तो भीख में नहीं मिले थे, इसलिए कंकड क़ी गड़न सहन न कर सके।'

इतना कहकर बीरबल ने बताया कि किस प्रकार उसने उस मनुष्य की परीक्षा लेकर जान लिया कि उसे नंगे पैर चलने की भी आदत नहीं, वह दरिद्र नहीं बल्कि किसी अच्छे कुल का खाता कमाता पुरूष है।'

बादशाह बोले, 'क्यों न हो, वह मेरा खास सैनिक है।'

# कमजोर पड़ती क्षेत्रीयता की राजनीति

*राज्य में कांग्रेस केवल निचले असम की मुस्लिम बहुल सीटों तक ही सिमट कर रह गई है। जबकि उत्तर असम के असमिया बहुल जिलों में उसका सूपड़ा पूरी तरह साफ हो गया, जहां कभी पार्टी का अच्छा प्रभाव होता था। यह परिणाम पूरी तरह अपेक्षित भी था। राज्य में न केवल भाजपा सरकार द्वारा किया गया विकास साफ-साफ दिखाई देता है, बल्कि पार्टी असमिया अस्मिता और जनसांख्यिकीय परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति संवेदनशील भी दिखाई देती है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की निजी लोकप्रियता भी पार्टी के लिए कारगर साबित रही। विपक्ष में बैठी कांग्रेस की स्थिति पर चुनाव से पहले ही एक असमिया बुद्धिजीवी ने टिप्पणी की थी कि 'भंग नौकात निदिबा भोरी' यानी टूटी नौका में आखिर कौन बैठता है?*

*केरलम के नतीजों में भी आश्चर्य सिर्फ इतना है कि यह परिवर्तन दस वर्ष बाद हुआ है, अन्यथा यहां हर पांच साल बाद मार्क्सवादी नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट और कांग्रेस नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे यानी यूडीएफ के बीच ही बारी-बारी से सत्ता बदलती रही है। यहां के नतीजों में महत्वपूर्ण बात यह रही कि यूडीएफ ने कोझीकोड़, तिरुअनंतपुरम और कोल्लम जैसे वामपंथ के गढ़ भी ढहा दिए। मुस्लिम लीग के साथ हुए गठजोड़ ने कांग्रेस को विशेषकर उत्तरी केरलम में मदद पहुंचाई। इस गठबंधन से कांग्रेस को करीब छह प्रतिशत मतों का लाभ मिला। हालांकि यह परिणाम*



चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनावों के बाद असम और बंगाल में प्रचंड बहुमत वाली सरकारों ने कमान संभाल ली है तो पुडुचेरी में चुनाव पूर्व गठबंधन वाली राजग सरकार ने कामकाज शुरू कर दिया है। त्रिशंकु विधानसभा वाले तमिलनाडु में भी विजय सरकार का आगाज हो चुका है। गत दिवस केरलम के मुख्यमंत्री का चयन भी हो गया। चुनाव परिणाम की बात करें तो असम, केरलम और पुडुचेरी में नतीजे आशा के अनुरूप ही रहे। असम में भाजपा के सामने कांग्रेस इस कदर साफ हुई, जैसे ब्रह्मपुत्र के सैलाब में नदी के बीच बालू से बने द्वीप बह जाते हैं। राज्य में कांग्रेस केवल निचले असम की मुस्लिम बहुल सीटों तक ही सिमट कर रह गई है। जबकि उत्तर असम के असमिया बहुल जिलों में उसका सूपड़ा पूरी तरह साफ हो गया, जहां कभी पार्टी का अच्छा प्रभाव होता था। यह परिणाम पूरी तरह अपेक्षित भी था। राज्य में न केवल भाजपा सरकार द्वारा किया गया विकास साफ-साफ दिखाई देता है, बल्कि पार्टी असमिया अस्मिता और जनसांख्यिकीय परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति संवेदनशील भी दिखाई देती है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की निजी लोकप्रियता भी पार्टी के लिए कारगर साबित रही। विपक्ष में बैठी कांग्रेस की स्थिति पर चुनाव से पहले ही एक असमिया बुद्धिजीवी ने टिप्पणी की थी कि 'भंग नौकात निदिबा भोरी' यानी टूटी नौका में आखिर कौन बैठता है? केरलम के नतीजों में भी आश्चर्य सिर्फ इतना है कि यह परिवर्तन दस वर्ष बाद हुआ है, अन्यथा यहां हर पांच साल बाद मार्क्सवादी नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट और कांग्रेस नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे यानी यूडीएफ के बीच ही बारी-बारी से सत्ता बदलती रही है। यहां के नतीजों में महत्वपूर्ण बात यह रही कि यूडीएफ ने कोझीकोड़, तिरुअनंतपुरम और कोल्लम जैसे वामपंथ के गढ़ भी ढहा दिए। मुस्लिम लीग के साथ हुए गठजोड़ ने कांग्रेस को विशेषकर उत्तरी केरलम में मदद पहुंचाई। इस गठबंधन से कांग्रेस को करीब छह प्रतिशत मतों का लाभ मिला। हालांकि यह परिणाम भी अनपेक्षित नहीं थे, क्योंकि 2024 लोकसभा चुनाव में यूडीएफ को राज्य में 20 में से 18 सीटें मिली थीं। इसी तरह पुडुचेरी ने भी उसी परिपाटी का पालन किया है, जिसमें केंद्र पर निर्भरता होने के कारण केंद्रशासित प्रदेश के चुनाव का झुकाव स्वाभाविक रूप से उस दल या गठबंधन की तरफ होता है, जिसकी केंद्र में सत्ता होती है। जो दो नतीजे सर्वाधिक चौंकाने वाले रहे, वे तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से आए। तमिलनाडु के नतीजे इस मायने में ऐतिहासिक हैं कि 50 वर्ष बाद द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच घूम रही सत्ता पर विराम लगा। सत्ताधारी द्रमुक को इन चुनावों में गहरा झटका लगा। बड़ा सवाल यही है कि इसे कितना व्यापक परिवर्तन माना जाए, क्योंकि इन चुनावों के माध्यम से तमिलनाडु की राजनीति में फिर से विजय के रूप में एक सिने स्टार का उदय हुआ। वहीं सर्वाधिक चर्चा में रहे राज्य बंगाल में सत्ता परिवर्तन के मायने शायद सबसे अधिक महत्व रखते हैं। बंगाल में लंबे समय बाद पूरी तरह हिंसा मुक्त चुनाव हुए। चुनाव आयोग द्वारा उठाए गए कड़े कदमों ने भय मुक्त वातावरण का निर्माण किया। इसके चलते हुए रिकार्ड मतदान ने भय और भ्रष्टाचार के सहारे बनाई गई सत्ता को उखाड़ फेंका। स्पष्ट है कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया। बंगाल के नतीजों में एक बड़ी बात यह भी रही कि आम बंगाली मतदाताओं ने कुछ बांग्ला बुद्धिजीवियों द्वारा संस्कृति और क्षेत्रीयता के नाम पर निर्मित श्रेष्ठता और विशिष्टता के भाव से ऊपर उठकर भारतीयता को महत्व दिया। निजी अनुभव से कहूं तो कभी सीबीआइ तो कभी ईडी और केंद्रीय बलों के ममता विरोध से खिन्न, परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध बंगाली मतदाताओं में एक प्रबल भाव था कि आखिर वे भी मूलतः हैं तो भारतीय ही। स्कूलों के उन्नयन के लिए लाई गई पीएमश्री और आयुष्मान जैसी योजनाओं का विरोध समझ से परे था। खस्ताहाल उद्योग और व्यापार, रोजगार की कमी और महिला सुरक्षा के अभाव ने बंगाली अस्मिता कार्ड नहीं चलने दिया। राजकीय सीमाओं से परे राज्यों के नतीजों के कुछ व्यापक निहितार्थ भी हैं। जैसे कि एक पहलू पार्टी पोषित भ्रष्टाचार से जुड़ा मुद्दा रहा। तमिलनाडु और बंगाल दोनों ही राज्यों में एक ऐसी राजकीय व्यवस्था देखने को मिली, जहां पार्टी काडर को भ्रष्टाचार के साथ जोड़ने के संस्थागत प्रयास हुए। बंगाल में नौकरियों के एवज में भ्रष्टाचार के अलावा निजी निर्माण से लेकर बिजली लाइन खिंचवाने के लिए टीएमसी कार्यकर्ताओं को कट मनी देनी पड़ती थी। सरकारी योजनाओं में भी यह व्यवस्था इतनी संस्थागत हो चली थी कि गरीब लोगों के अंतिम संस्कार के लिए शुरू की गई

# विकास के नए युग में पूर्वोत्तर

*पुलों के निर्माण और सीमा व्यापार अवसंरचना के विकास से लाजिस्टिक्स में सुधार हुआ है तथा क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा मिला है। पूर्वोत्तर राज्यों तक बेहतर रेल संपर्क और उड़ान योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय हवाई अड्डों के विस्तार जैसी पहलों ने इस क्षेत्र को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर और अधिक निकट ला दिया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा पूर्वोत्तर के लिए संसाधनों के प्रवाह में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। विभिन्न मंत्रालयों को अपने सकल बजटीय समर्थन का एक निश्चित प्रतिशत पूर्वोत्तर के लिए निर्धारित करने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में प्रमुख योजनाएं दूरदराज के इलाकों तक पहुंची हैं। क्षेत्र में डिजिटल संपर्क को भी व्यापक बढ़ावा मिला है। इससे समावेशन को बढ़ावा मिला है तथा असमानता में कमी आई है। इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण*



भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि के कारण राष्ट्र की अमूल्य धरोहर रहा है। विविध जनजातीय परंपराएं, मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य, अद्वितीय लोक-संस्कृति और अपार संभावनाओं से परिपूर्ण यह क्षेत्र लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से अपेक्षाकृत दूर रहा। किंतु बीते एक दशक के दौरान पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। असम सहित समूचा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, संपर्क, शांति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए युग में प्रवेश कर चुका है।

दशकों तक पूर्वोत्तर क्षेत्र संपर्क, आधारभूत संरचना की कमी तथा देश के अन्य हिस्सों से अलगाव जैसी चुनौतियों से जूझता रहा, किंतु क्षेत्र के सामरिक महत्व और अपार संभावनाओं को पहचानते हुए मोदी सरकार ने इसके विकास के लिए सक्रिय और समग्र दृष्टिकोण अपनाया। इस परिवर्तन के केंद्र में 'एक्ट ईस्ट नीति' रही है, जिसने पूर्वोत्तर को केवल सीमांत क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत के प्रवेश द्वार के रूप में पुनर्परिभाषित किया है। 'एक्ट ईस्ट नीति' ने पड़ोसी देशों के साथ भौतिक और आर्थिक संपर्क को सुदृढ़ करने के साथ-साथ पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक पहचान को भी नई मजबूती प्रदान की है। राजमार्गों, रेलमार्गों, अंतर्देशीय जलमार्गों और हवाई संपर्क जैसी प्रमुख आधारभूत परियोजनाओं में तीव्र गति से प्रगति हुई है। पुलों के निर्माण और सीमा व्यापार अवसंरचना के विकास से लाजिस्टिक्स में सुधार हुआ है तथा क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा मिला है। पूर्वोत्तर राज्यों तक बेहतर रेल संपर्क और उड़ान योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय हवाई अड्डों के विस्तार जैसी पहलों ने इस क्षेत्र को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर और अधिक निकट ला दिया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा पूर्वोत्तर के लिए संसाधनों के प्रवाह में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। विभिन्न मंत्रालयों को अपने सकल बजटीय समर्थन का एक निश्चित प्रतिशत पूर्वोत्तर के लिए निर्धारित करने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में प्रमुख योजनाएं दूरदराज के इलाकों तक पहुंची हैं। क्षेत्र में डिजिटल संपर्क को भी व्यापक बढ़ावा मिला है। इससे समावेशन को बढ़ावा मिला है तथा असमानता में कमी आई है। इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण आधार शांति और स्थिरता पर दिया गया विशेष बल रहा है। सरकार ने विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय संवाद स्थापित कर लंबे समय से चले आ रहे संघर्षों के समाधान और उग्रवादी समूहों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया है। ऐतिहासिक शांति समझौतों और निरंतर संवाद ने अधिक सुरक्षित वातावरण तैयार किया है, जिससे निवेश और पर्यटन को प्रोत्साहन मिला है। कृषि, बागवानी, हस्तशिल्प और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में लक्षित निवेश के माध्यम से आधुनिक तकनीकों, बेहतर बाजार पहुंच और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्टार्टअप और उद्यमिता को नीतिगत तथा वित्तीय सहयोग प्रदान कर क्षेत्र के युवाओं की नवाचार क्षमता को नई दिशा दी जा रही है। सरकार ने आधारभूत संरचना सुधार, पर्यटन स्थलों के प्रचार और यात्रा प्रक्रियाओं को सरल बनाकर इस क्षेत्र को देश और दुनिया के पर्यटकों के लिए अधिक आकर्षक और सुलभ बनाया है। यद्यपि आधारभूत संरचना और आर्थिक विकास महत्वपूर्ण हैं, किंतु पूर्वोत्तर की वास्तविक शक्ति उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता में निहित है। गुवाहाटी में बिहू, झुमुर और बागुरुंबा नृत्य के भव्य आयोजनों द्वारा गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड स्थापित करना केवल क्षेत्र की जीवंत परंपराओं का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र की संस्कृति को वैश्विक मंच तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। इसने पूर्वोत्तर और देश के अन्य हिस्सों के बीच भावनात्मक एकता को और अधिक मजबूत बनाया है। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण पर विशेष बल दिया गया है।

# समय रहते चेतें



इस तथ्य पर हैरानी नहीं कि पेट्रोलियम पदार्थों के स्रोत कच्चे तेल के साथ-साथ खाद्य तेलों के आयात में भी अच्छी-खासी विदेशी मुद्रा की खपत हो रही है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री ने खाद्य तेलों के सेवन में कमी लाने की भी अपील की। उनका यह कहना सही है कि इससे सेहत सुधारने के साथ विदेशी मुद्रा बचाने में भी सहायता मिलेगी, लेकिन प्रश्न यह है कि भारत अपनी जरूरत भर का तिलहन क्यों नहीं पैदा कर पा रहा है? यह सामान्य बात नहीं कि भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 58 प्रतिशत खाद्य तेल आयात करता है। पिछले वर्ष खाद्य तेल आयात बिल करीब 20 अरब डालर का था। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि कृषि प्रधान देश होने और आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी पर बल देने के बाद भी देश में तिलहन फसलों का उत्पादन उतनी तेजी से नहीं बढ़ पा रहा है, जितना अपेक्षित है। यह ठीक है कि केंद्र सरकार की ओर से किसानों को तिलहन की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसके चलते उनके उत्पादन में थोड़ी वृद्धि भी देखने को मिली है, लेकिन इसी के साथ खाद्य तेल की मांग और खपत भी बढ़ रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि जैसे-जैसे लोग आर्थिक रूप से सक्षम हो रहे हैं, उनके खानपान में तेलों की खपत बढ़ रही है। स्पष्ट है कि केंद्र और राज्य सरकारों को तिलहन फसलों का उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर देना होगा। अपने देश की समस्या यह है कि जब संकट सामने आ खड़ा होता है, तब उससे बचने के उपायों पर ध्यान दिया जाता है। खाद्य तेलों के उत्पादन में आत्मनिर्भर होने का सघन अभियान तो बहुत पहले चलाया जाना चाहिए था और उसकी लगातार समीक्षा भी की जानी चाहिए थी। बात केवल खाद्य तेलों की ही नहीं है, भारत को बड़ी मात्रा में दालों का भी आयात करना पड़ता है। इसमें भी विदेशी मुद्रा की खपत होती है। कहना कठिन है कि दलहन उत्पादन को बढ़ाने के लिए जो योजनाएं चलाई गईं, उनके कितने सकारात्मक परिणाम सामने आए? जो भी हो, यह सही समय है कि सरकार पेट्रोलियम पदार्थों समेत अन्य आयातित वस्तुओं में कमी लाने के ठोस एवं दीर्घकालिक उपाय करे। यह सही है कि भारत में कच्चे तेल के अपेक्षित भंडार नहीं, इसलिए उसका आयात करना ही होगा, लेकिन आखिर हर तरह के ईवी वाहनों की खरीद बढ़ाने के लिए कोई आकर्षक प्रोत्साहन योजना क्यों नहीं लाई जा पा रही है और उनके लिए चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार द्रुत गति से क्यों नहीं हो पा रहा है?

## 50 साल पुराने श्मशान घाट का रास्ता खुला, प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

जयपुर टाइम्स





**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर क्षेत्र के श्रीरामपुरा गांव में करीब 50 साल पुराने श्मशान घाट के रास्ते को लेकर चल रहा विवाद शुक्रवार को प्रशासनिक हस्तक्षेप और ग्रामीणों की समझाइश से शांतिपूर्वक सुलझ गया। इसके बाद प्रशासन ने करीब 100 मीटर लंबे रास्ते से अतिक्रमण हटवाकर आवागमन सुचारु कराया। ग्रामीणों ने बताया कि श्मशान घाट तक जाने वाला रास्ता लंबे समय से अवरुद्ध होने के कारण अंतिम संस्कार सहित अन्य कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से वार्ता कर समाधान निकाला। सहमति बनने के बाद रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने रास्ता खुलवाने पर प्रशासन का आभार जताया। इस दौरान भू-अभिलेख निरीक्षक विशाल सिंघल, लांखना पटवारी रामजीलाल मीणा, पंचायत समिति सांगानेर सदस्य राजेंद्र शर्मा और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## 24 घंटे सेवा का दावा, ज्यादातर समय बंद रहता यूको बैंक का एटीएम

जयपुर टाइम्स




**फुलेरा(निस)।** कस्बे में यूको बैंक के बाहर स्थापित एटीएम अधिकांश समय बंद रहने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक परिसर के बाहर '24 घंटे सेवा' का बोर्ड लगा होने के बावजूद एटीएम अक्सर बंद मिलने से ग्राहकों में नाराजगी बढ़ रही है। उपभोक्ताओं ने बताया कि जरूरत के समय नकदी नहीं मिलने से उन्हें दूसरे एटीएम की तलाश में भटकना पड़ता है। खासकर देर रात और अवकाश के दिनों में एटीएम बंद रहने से लोगों को अधिक दिक्कत होती है। ग्राहकों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार बैंक प्रबंधन और शाखा प्रबंधक को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने बैंक प्रशासन से एटीएम सेवा नियमित रूप से चालू रखने तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## फुलेरा जंक्शन पर एवीएम मशीनें बंद, यात्री परेशान



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** फुलेरा जंक्शन पर बुकिंग काउंटर के पास लगी तीनों एवीएम (ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीन) चालू होने के बावजूद यात्रियों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार पिछले लगभग एक महीने से इन मशीनों का संचालन करने वाले रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी कार्य पर नहीं आ रहे हैं, जिसके चलते मशीनों से जनरल टिकट जारी नहीं हो पा रहे हैं। इसके कारण टिकट खिड़कियों पर यात्रियों की भारी भीड़ लग रही है और दैनिक रेल यात्रियों सहित आम यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फुलेरा जंक्शन से प्रतिदिन बड़ी संख्या में पैसेंजर एवं दैनिक यात्री विभिन्न ट्रेनों में सफर करते हैं, लेकिन एवीएम मशीनें बंद रहने से रेलवे की ओर से लाखों रुपये खर्च कर स्थापित की गई सुविधा बेकार साबित हो रही है।

## जनगणना स्वगणना में आमेर ने मारी बाजी

### 113 प्रगणकों ने सौ फीसदी काम कर जिले में लहराया परचम, डिप्टी सीएम ने किया सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**आमेर/जयपुर(निस)।** भारत सरकार की ओर से आयोजित और जिला प्रशासन के निर्देशन में चल रहे जनगणना स्वगणना अभियान में आमेर तहसील ने पूरे जिले में गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। तहसील के 113 प्रगणकों ने अपने आवंटित क्षेत्रों में शत-प्रतिशत स्वगणना कार्य पूरा कर लिया है, जो पूरे जिले में सर्वाधिक है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रगणकों को राज्य की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सम्मानित किया। ग्राम पंचायत नांगल सुसावतान में आयोजित 'संध्या चौपाल' के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सभी प्रगणकों की मेहनत और निष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा कि शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करना जन-जागरूकता और जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने इस उपलब्धि को अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणा बताया और बाकी प्रगणकों से भी समय पर लक्ष्य पूरा करने का आह्वान किया। चार्ज जनगणना अधिकारी और आमेर तहसीलदार सौरभ गुर्जर ने बताया कि सुपरवाइजरों और प्रगणकों ने आमजन को प्रेरित करते हुए पूरी सक्रियता से इस कार्य को अंजाम दिया। उन्होंने टीम के प्रत्येक सदस्य को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जयपुर जिले में सबसे अधिक 113 प्रगणकों ने आमेर तहसील में कार्य पूर्ण किया।

# 108 कुंडीय महायज्ञ में 9 दिन में 54 लाख आहुतियां: बजरंगपुरा बना सनातन आस्था का केंद्र

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** बजरंगपुरा स्थित श्री झीड़ा का बालाजी धाम में आयोजित 108 कुंडीय श्री राम मारुति महायज्ञ इन दिनों क्षेत्र में आस्था, भक्ति और सनातन संस्कृति का विराट केंद्र बना हुआ है। नौ दिवसीय महायज्ञ में श्रद्धालुओं का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि पूरा क्षेत्र 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। महायज्ञ महामंडलेश्वर महंत रामदास जी महाराज एवं पुजारी सावरमल व्यास के सानिध्य में आयोजित हुआ। महायज्ञ के दौरान अब तक 54 लाख आहुतियां पूर्ण हो चुकी हैं। वैदिक मंत्रोच्चार, अखंड हवन, भजन-कीर्तन और रामनाम संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने भजन-कीर्तन में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जबकि युवा सेवा कार्यों में दिन-रात जुटे रहे। पंगत प्रसादी में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन ग्रहण किया। यज्ञाचार्य डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा, यज्ञ ब्रह्मा गोपाल जोशी एवं पंडित अनिल शर्मा ने बताया कि महायज्ञ क्षेत्र में धार्मिक चेतना का केंद्र बनता जा रहा है। कथा वाचक रणवीर शेखावाटी ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंग सुनाते हुए धर्म, संस्कार और सनातन संस्कृति का संदेश दिया। कथा के दौरान श्रद्धालु भावुक नजर आए और पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। शुक्रवार को आयोजित पूर्णाहुति कार्यक्रम में त्रिवेणी धाम के रामरिछपाल देवाचार्य जी महाराज, काला कोट धाम के महंत बाहुबल देवाचार्य महाराज, ओंकार दास जी महाराज बागावास अहिरान तथा लक्ष्मण दास जी महाराज नरसिंह धाम जयसिंहपुरा सहित कई संत-महात्मा उपस्थित रहे। महंत बाहुबल देवाचार्य ने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार का माध्यम हैं। महायज्ञ में बजरंग युवा उत्थान समिति बजरंगपुरा, यूथ ऑफ इंडिया सेवा समिति आंतेला, हीरामल समिति, देव सेवा समिति नीमली, शिव सेवा समिति झीड़ागढ़ सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सेवा कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोक कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। महंत रामदास एवं सावरमल व्यास ने बताया कि नौ दिनों के दौरान तेज आंधी और बवंडर जैसी मौसम की चुनौतियों के बावजूद यज्ञ स्थल और अन्नपूर्णा भंडार को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने इसे श्रद्धा और ईश्वर की कृपा का प्रतीक बताया। उन्होंने बताया कि महायज्ञ का अंतिम लक्ष्य एक करोड़ आहुतियां पूर्ण करना है। अब तक 54 लाख आहुतियों के साथ अर्धकोटि का बड़ा पड़ाव पूरा हो चुका है। महायज्ञ के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन जारी है, जहां हजारों श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं।

## 4.80 करोड़ गबन मामले में टोंक होलसेल भंडार के तत्कालीन महाप्रबंधक बर्खास्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** सहकारिता विभाग में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए टोंक जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार के तत्कालीन महाप्रबंधक करूणेश कुमार सोनी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जांच में करोड़ों रुपए के गबन, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, अनधिकृत भुगतान तथा संस्थान को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप प्रमाणित पाए गए। सहकारिता विभाग के शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार सहकारी समितियां डॉ. समित शर्मा ने बताया कि वर्ष 2012-13 से 2015-16 के दौरान टोंक जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार में वित्तीय लेन-देन में गंभीर अनियमितताएं सामने आई थीं। विभागीय जांच में करीब 4.80 करोड़ रुपए की अमानत राशि के गबन और दुरुपयोग के आरोप सही पाए गए। जांच में बैंक खातों से कपटपूर्वक नकद आहरण, अनधिकृत व्यक्तियों को भुगतान, लेखा पुस्तिकाओं में अमानत राशि दर्ज नहीं करना तथा भंडार की साख को नुकसान पहुंचाने जैसे मामले भी सामने आए। प्रकरण वर्ष 2015 में उजागर होने के बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद विभागीय जांच शुरू की गई। पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में आरोप पत्र भी न्यायालय में पेश किए जा चुके हैं। जांच अधिकारी की रिपोर्ट में संबंधित अधिकारी पर लगाए गए चारों प्रमुख आरोप प्रमाणित माने गए।झ्र विभाग ने राजस्थान सिविल सर्विसेज (क्लासिफिकेशन, कंट्रोल एंड अपील) नियम 1958 के तहत कार्रवाई करते हुए करूणेश कुमार सोनी को सेवा से निष्कासित किया है। जांच के दौरान दस्तावेजों की पड़ताल, बैंक रिकॉर्ड का सत्यापन तथा संबंधित पक्षों की सुनवाई भी की गई। डॉ. समित शर्मा ने कहा कि सहकारी संस्थाओं में वित्तीय पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सहकारी संस्थाएं किसानों और आमजन के विश्वास का आधार हैं, इसलिए सरकारी धन के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## ग्राम रथ अभियान से किसान को मिली राहतः पाइपलाइन अनुदान से आसान हुई सिंचाई

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनेरा निवासी कृषक रामभजन मीणा के लिए ग्राम रथ अभियान बदलाव और राहत का माध्यम बनकर सामने आया है। कृषि विभाग की पाइपलाइन अनुदान योजना का लाभ मिलने से अब उनकी खेती में सिंचाई आसान और कम खर्चीली हो गई है। रामभजन मीणा पुत्र चैरुआराम लंबे समय से सिंचाई की समस्या से जूझ रहे थे। सीमित संसाधनों के कारण खेत तक पर्याप्त पानी पहुंचाना कठिन हो रहा था, जिससे फसल उत्पादन भी प्रभावित हो रहा था। ग्राम रथ अभियान के दौरान गांव पहुंची प्रशासनिक टीम ने उन्हें कृषि विभाग की पाइपलाइन अनुदान योजना की जानकारी दी। टीम ने योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर आवश्यक दस्तावेज तैयार करवाए। आवेदन के बाद रामभजन मीणा को 300 मीटर पाइपलाइन के लिए 18 हजार रुपए का अनुदान स्वीकृत हुआ। अनुदान मिलने के बाद खेत में पाइपलाइन व्यवस्था स्थापित की गई, जिससे सिंचाई कार्य पहले की तुलना में अधिक तेज, आसान और कम खर्चीला हो गया। अब खेत के हर हिस्से तक पर्याप्त पानी पहुंच रहा है और पानी की बचत भी हो रही है। इसका सकारात्मक असर फसल की गुणवत्ता और उत्पादन पर दिखाई देने लगा है। रामभजन मीणा ने बताया कि पहले सिंचाई में काफी समय और मेहनत लगती थी, लेकिन अब आधुनिक व्यवस्था से खेती सुविधाजनक हो गई है। इससे उनकी आय बढ़ने की उम्मीद भी मजबूत हुई है। यह सफलता कहानी दर्शाती है कि ग्राम रथ अभियान ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन में वास्तविक बदलाव ला रहा है। अब गांव के अन्य किसान भी इससे प्रेरित होकर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आ रहे हैं।

## श्री क्षेमंकरी माताजी मंदिर का 10वां वार्षिक महोत्सव

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** माली समाज सोलंकी लायसा परिवार सेवा संस्थान, जालोर की ओर से आयोजित श्री क्षेमंकरी माताजी मंदिर का दसवां वार्षिक महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। महोत्सव के तहत आयोजित भजन संध्या में रमेश लोहार एंड पार्टी ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था मंत्री एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने बताया कि महोत्सव में सोजत से महामंडलेश्वर चेतनगिरी महाराज, भेरूनाथ अखाड़े से शेरनाथ महाराज, झरनेश्वर महादेव से साईनाथ महाराज तथा जागनाथ महादेव मठ से विष्णु भारती महाराज सहित कई संत-महात्माओं का सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रातःकाल श्री क्षेमंकरी माताजी मंदिर एवं जागनाथ महादेव मंदिर में विधिवत ध्वजारोहण, आरती एवं भोग का आयोजन किया गया। इसके बाद सभा भवन, भोजनशाला एवं टीनशेड रसोड़े का उद्घाटन भामाशाह परिवारों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक व विधायक जोगेश्वर गर्ग, राज्य मंत्री ओटाराम देवासी तथा जालोर कोतवाल देवेंद्र कच्छवाहा सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। बाहर से आए संत-महात्माओं, अतिथियों व भामाशाहों का स्वागत व सम्मान किया गया। साथ ही माली समाज की विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्षों और पदाधिकारियों का भी अभिनंदन किया गया। महोत्सव में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम का संचालन रमेश सोलंकी, पूराराम सोलंकी एवं सुरेश सोलंकी ने किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष जुटाराम सोलंकी, गोपाराम, मोहनलाल माली, दिलीप सोलंकी, कमलेश सोलंकी, तेजजाराम सोलंकी, पन्नालाल सोलंकी, अशोक सोलंकी, भोमाराम सुन्देशा, नितिन सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डुंगलाई धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में गूंजे जयकारे



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर स्थित श्री मामाधणी डुंगलाई धाम शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और जनआस्था का विराट केंद्र बन गया, जहां वर्षगांठ महोत्सव पर हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और 'जय मामाधणी' के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। श्री डुंगलाई मामाजी सेवा समिति की ओर से आयोजित इस भव्य धर्मसभा में राजस्थान सरकार के पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मंत्री कुमावत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'धार्मिक स्थल केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली सबसे बड़ी शक्ति हैं। ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति को जीवित रखने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में युवाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़े रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। डुंगलाई धाम जैसे धार्मिक स्थल समाज में सद्भाव, सेवा और संस्कारों की प्रेरणा देते हैं। वर्षगांठ महोत्सव के तहत विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती और विशाल धर्मसभा का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ दर्शन किए। आयोजन के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से देर तक गूंजता रहा। समिति पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री का साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में सामाजिक एकता और जनभागीदारी का अनूठा नजारा देखने को मिला। इस मौके पर पूर्व नगरपालिका चेयरमैन अनोप सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, मंदिर के धनराज भोपाजी, सेवा समिति अध्यक्ष मोतीलाल वैष्णव, समाजसेवी अमृत परिहार, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मांगीलाल, पूर्व महामंत्री अमर सिंह हिंगोला, नगर मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र माली तथा पूर्व उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ग्राम रथ से पूर्ण हो रहे हैं ग्रामीणों के मनोरथ, बन रहे वरदान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में ग्राम रथ अभियान के तहत शुक्रवार को विधानसभा धौलपुर के ग्राम ओदी का पुरा, अल्हपुरा, सरकनखेड़ा, बहवलपुर, विधानसभा बाड़ी के ग्राम खपरैला, आरी, किलेदार का नगला, सरेखी, विधानसभा बसेड़ी के ग्राम अर्जुनपुरा, सांगोरी, कटेलपुरा, सिहौली तथा विधानसभा राजाखेड़ा के ग्राम अतरौली, शेखपुर गूजर, इन्द्रावली, जैतपुर में ग्राम रथों से प्रचार-प्रसार कर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ऑडियो वीडियो व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजनाओं का संदेश दिया गया। अभियान में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मोबाईल वैन की एलईडी स्क्रीन पर किसानों को कृषि की नवीन तकनीकों और उन्नत पद्धतियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही चार वैनों से एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संदेश प्रसारित कर जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। लोक कलाकारों की ओर से गांवों में संध्या चौपाल में शाम के समय गीतों और नाटकों के जरिए योजनाओं को रोचक ढंग से समझाया जा रहा हैं। रथों पर ग्रामीणों के सुझाव लेने के लिए सुझाव पेटिका रखी गई है। शनिवार को विधानसभा धौलपुर के ग्राम बहादुरपुर, बीछिया, बरैलपुरा, सूरजपुरा, विधानसभा बाड़ी के ग्राम गूजरपुरा, लालोनी, कुरैंधा, बदरैठा, विधानसभा बसेड़ी के ग्राम दांदीपुरा, मिर्जापुर, नूरपुर, जोरगढ़ी तथा विधानसभा राजाखेड़ा के ग्राम बीच का पुरा, आम का पुरा, जारहा, धारापुरा ग्राम रथों से प्रचार-प्रसार कर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# 25 मई से शुरू होगा 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान'

### 5 जून तक चलेंगे जल संरक्षण और जनजागरण कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** प्रदेश में भू-जल स्तर सुधारने और जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से 25 मई (गंगा दशमी) से 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' शुरू होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर से अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस तक प्रदेशभर में संचालित किया जाएगा।

अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शासन सचिवालय के चिंतन सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों को अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ मिशन मोड में संचालित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन से जुड़े कार्यक्रमों को प्रत्येक ग्राम पंचायत व नगरीय निकाय तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए।

अभियान के दौरान श्रमदान, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जल स्रोतों की सफाई, प्रभात फेरियां, जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, जल चौपाल और सामाजिक सहभागिता आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 के समापन कार्यक्रम के साथ आयोजित होगा। अभियान के अंतर्गत नदी, बांध, सरोवर और नहरों की पूजा, जल स्रोतों की सफाई, जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन', नवीन जल संरक्षण कार्यों का शिलान्यास एवं पूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। अभियान में वंदे गंगा प्रभात फेरी, कलश यात्रा, पीपल पूजन, पौधारोपण, अमृत सरोवर पूजन, हरियालो राजस्थान की तैयारियां, औरण एवं चारागाहों का चिन्हिकरण तथा जल संरक्षण से जुड़े जनजागरण कार्यक्रम भी होंगे। 26 मई को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया जाएगा। इसके अलावा गौशालाओं, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मंडियों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे। जल परीक्षण अभियान, ग्रीन ऑफिस इनिशिएटिव, जल स्रोतों की मैपिंग, किसान चौपाल, कृषि कार्यशालाएं और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत 31 मई को पुलिस, सेना और अर्द्धसैनिक बलों द्वारा श्रमदान कार्यक्रम होंगे, जबकि 4 जून को 'रन फॉर एन्वायरमेंट' आयोजित की जाएगी। 5 जून को जिला स्तर पर समापन समारोह आयोजित कर जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को 'जल गौरव सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी, जिला परिषद सीईओ एएन सोमनाथ, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार प्रभुदयाल शर्मा, एडीपीसी समसा जितेंद्र जादौन, अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग राजीव अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

# सरकारी विद्यालयों को 25 वाटर कूलर भेंट



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** भाजपा नेता पराक्रम राठौड़ की प्रेरणा से जयपुर के धारा शक्ति फाउंडेशन की ओर से भीषण गर्मी से राहत देने के लिए तारानगर ब्लॉक के सरकारी विद्यालयों को 25 वाटर कूलर भेंट किए गए जो सीबीईओ बबलेश शर्मा की मौजूदगी में अलग अलग विद्यालयों में भेजे गए। शर्मा ने कहा कि निश्चित तौर से इस सुविधा से बच्चों को ठंडा पानी मिलेगा एवं गर्मी से राहत मिलेगी। सीबीईओ बबलेश शर्मा ने पराक्रम राठौड़ व धारा शक्ति फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# पीएनबी ने महिला को सौंपा 50 लाख का चेक




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के पंजाब नेशनल बैंक में रक्षक योजना के अंतर्गत बैंक के एजीएम सुधीर कुमार साहू ने इंदिरा देवी धर्मपत्नी सुल्तान सिँह को 50 लाख का चैक सौंपा। जानकारी के अनुसार सुल्तान सिंह सेवानिवृत्ति फौजी और पल्लू बैंक में गार्ड थे जिनकी 2 नवंबर 2025 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी जिनका पेंशनर्स खाता रक्षक योजना अंतर्गत पीएनबी शाखा तारानगर में था। एजीएम ने बताया कि हमें बैंक की इन बीमा योजनाओं का अधिक लाभ लेना चाहिए ताकि परिवार को मुश्किल घड़ी में संबल मिल सके अनहोनी किसी के साथ भी हो सकती है। शाखा प्रबंधक त्रिलोकचंद सैनी ने बताया कि बैंक की जनकल्याणकारी योजनाएं जो कि महिलाओं किसानों, विद्यार्थियों, नौकरी करने वालों और देश की रक्षा करने वालों सहित समाज के सभी वर्गों लिए चलती है जिनका हम लाभ ले सकते हैं। वित्तीय साक्षरता केंद्र के मैनेजर दलजीत सिंह ने कहा कि अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना में नामांकन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनिल कुमार शर्मा, शुभम खांडल, महेंद्र कुमार, मनोज कुमार, मैनपाल पिलानिया, सुमेर गोदारा, हर्ष टॉक, कोमल, आशिया, ममता, राखी, विजयसिंह, दीनदयाल, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बालिका आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** बालिका आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव गुरुवार को संत रोशन नाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। समारोह में विद्यालय की छात्राओं ने योग, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता तोदी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नगेन्द्र सिंह नाथावत ने की।मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विद्याधर शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विमला मुंदड़ा, डॉ. निरूपमा उपाध्याय व पूर्व छात्र रामप्रकाश वेदी उपस्थित रहे।प्रधानाचार्य विद्याधर शर्मा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन खुशबू जोशी व सुनीता पारीक ने किया।इस दौरान भारतीय विद्या मंदिर समिति के जयप्रकाश सरावगी, राजकुमार खीरवेवाला, पुरुषोत्तम मिश्रा, पुरुषोत्तम बील, सुरेश बीबीपुरीया, दिलीप नाउवाला, गोविंदराम जांगिड़, अरुण सैन, रामस्वरूप सोमानी, भवानीशंकर जाजोदिया, ऋषिकुल विद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा, चांदमल सोनी, नरेश कुमार माटोलिया, मनोज दाधीच, उम्मेद शर्मा, मो. आबिद, अशोक पारीक, सूरजभान बीजला, अशोक शर्मा, मुरारी मिश्रा, पार्थ शर्मा व जनार्दन जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, अभिभावक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 8 दिन के डिकॉय ऑपरेशन में 10 मनचले गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले मनचलों के खिलाफ झुंझुनूं पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 7 मई से 14 मई 2026 तक चलाए गए सघन डिकॉय ऑपरेशन के तहत की गई। अभियान की जिम्मेदारी कालिका पेट्रोलिंग यूनिट और निर्भया स्क्वॉड को सौंपी गई थी। अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों को सादा वर्दी में शहर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में तैनात किया गया। इनमें सरकारी अस्पताल, बस स्टैंड, मॉल, सिटी क्षेत्र, स्कूल, कोचिंग संस्थान, पार्क, पर्यटन स्थल और प्रमुख बाजार शामिल रहे। महिला कॉन्स्टेबलों ने इन स्थानों पर निगरानी रखकर महिलाओं और छात्राओं पर अश्लील टिप्पणियां करने तथा उन्हें परेशान करने वाले युवकों की पहचान की।

# चारागाह और सिवायचक भूमि से गुजर रहे अवैध रास्ते बंदः प्रशासन ने खुदवाई खाइयां

जयपुर टाइम्स



**नीमकाथाना/पाटन(नि.सं.)।** राजस्व गांव मीणा की नांगल में चारागाह और सिवायचक भूमि से गुजर रहे अवैध रास्तों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए भारी वाहनों की आवाजाही बंद कर दी। कार्रवाई अतिरिक्त जिला कलक्टर नीमकाथाना एवं तहसीलदार पाटन के आदेशों की पालना में की गई। जांच के दौरान सामने आया कि खसरा नंबर 808/1 (चारागाह) एवं 809 (सिवायचक) भूमि से खनन गतिविधियों के लिए व्यवसायिक और भारी वाहन अवैध रूप से संचालित किए जा रहे थे। इसके बाद प्रशासन ने जेसीबी मशीन से तीन स्थानों पर गहरी खाइयां खुदवाकर रास्तों को बंद कर दिया, ताकि अवैध आवागमन रोका जा सके। कार्रवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर नीमकाथाना, तहसीलदार पाटन, तहसीलदार खंडेला, तहसीलदार श्रीमाधोपुर तथा खनन विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। अधिकारियों ने बताया कि किसानों की कृषि गतिविधियों के लिए आवश्यक रास्ता चालू रखा गया है, जबकि संबंधित खसरों से निकल रहे अन्य सभी अवैध रास्तों को बंद कर दिया गया। मौके पर ग्राम विकास अधिकारी दलपतपुरा और भू-अभिलेख निरीक्षक बेगा की नांगल की उपस्थिति में संबंधित भूमि पर 'चारागाह' बोर्ड भी लगाया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार चारागाह एवं सिवायचक भूमि का उपयोग खनन और व्यवसायिक वाहनों के आवागमन के लिए किए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई।

# गांधी चौक का पार्क आम जनता के लिए खोलने की मांग

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नगरपरिषद के सामने विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना 13 वें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। धरने पर बैठे धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल ने बताया कि आज एडीएम संतोष कुमार को ज्ञापन सौंपकर गांधी चौक स्थित नेहरू पार्क को आम जनता के लिए जल्द से जल्द खुलवाये जाने, पार्क पर नेहरू पार्क का बोर्ड लगवाये जाने की मांग की गई है। साथ ही पार्क के आवंटन की विधिवत जांच करवाये जाने की मांग भी प्रशासन से की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि बेसकीमती पत्थरों को विधि विरूद्ध बेचा गया है और सरकार को राजस्व की हानि हुई है, इसलिए मामले की जांच की जाए। साथ ही पं. जवाहरलाल नेहरू, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी पं. गिरीशचन्द्र मिश्र की मूर्ति लगवाये जाने की मांगे एक बार फिर से प्रशासन के समक्ष दोहराई गई हैं। निवर्तमान पार्षद इकबाल खान कायमखानी ने बताया कि नगरपरिषद से लेकर उपखंड कार्यालय तक रोज अधिकारी दिनभर चक्कर काटते रहते हैं, लेकिन एक बार भी धरने पर आकर जनता की मांगों के बारे में वार्ता करना तक उचित नहीं समझा, तो जनता में किस प्रकार का संदेश प्रशासन देना चाहता है। उन्होंने बताया कि हम लोग टेंडर्स की कोई मांग नहीं कर रहे, क्योंकि जो लोग घोटाला करेंगे, वो करेंगे। लेकिन कम से कम महापुरूषों के सम्मान की बात हो, तो भी प्रशासन का ये रवैया समझ से परे है। वहीं धरने पर तरूण सियोता, शंकरलाल, अविनाश, बिलाल, विनोद, अशोक कुमार, करण, राजेश ढ़ेनवाल, नथमल सियोता, श्रीचंद, सोहिल गोपालपुरिया सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

# बालाजी मन्दिर का वार्षिक उत्सव 18 को

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** लुमास स्थित श्री संकट मोचक बालाजी मंदिर का स्थापना दिवस व वार्षिक उत्सव 18 मई को मनाया जाएगा। संजय शर्मा ने बताया कि आगामी 18 मई,सोमवार को रात्रि जागरण होगा। रात्रि जागरण की प्रस्तुति सिगर बाबूलाल सेहला,डांसर निकिता अजमेर, डांसर गोविंद नागौर की ओर से भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। ओर मंगलवार को महिलाओं की ओर से मंगलगीत गाकर विधि विधान से पूजा कर बालाजी महाराज के खीर चूरमा का भोग लगाकर समस्त ग्रामवासियो को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# झुंझुनूं में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** शहर के पिपली चौक इलाके में शुक्रवार सुबह एक युवक ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। पुलिस को कमरे से शराब का एक पव्वा भी मिला है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार पिपली चौक निवासी दिनेश कुमार (36) पुत्र मुरारी कुमावत पेशे से टाइल मिस्त्री था। वह गुरुवार रात रोजाना की तरह काम से लौटकर अपने कमरे में सोने चला गया था। शुक्रवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने उसे आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पीछे की खिड़की से देखा तो दिनेश का शव पंखे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और घटनास्थल का मुआयना किया। इसके बाद शव को बीडीके अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। परिजनों ने बताया कि दिनेश की किसी से कोई रंजिश नहीं थी और वह किसी मानसिक तनाव में भी नजर नहीं आ रहा था। हालांकि उसे शराब पीने की आदत थी। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन साल की बेटी छोड़ गया है। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी फिलहाल अपने मायके गई हुई थी। थानाधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मोहता पब्लिक स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान




जयपुर टाइम्स

**राजगढ़-सादुलपुर(निस)।** क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थान मोहता पब्लिक स्कूल में गुरुवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2026 की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 25 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह की अध्यक्षता मोहता संस्थाओं के सीईओ डॉ. पीएस राठौड़ ने की। कार्यक्रम में एडवोकेट गायत्री पूनियां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि वैद्य रमाकांत शर्मा, मंगतूराम मोहता, रामावतार बैरासरिया एवं मनीष डोरवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मोहता ग्रुप के चेयरमैन श्रीवर्धन मोहता ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धि विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों व अभिभावकों का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। समारोह का संचालन वरिष्ठ अध्यापिका तारावती ने किया।


## कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

कमांकः न.प.सु. / भूमि शाखा / 2026 / 1112 दिनांक 15-05-2026

**नाम हस्तानान्तरण हेतु आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा नाम हस्तानान्तरण करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्थाको आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे 7 बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क.सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | पता | क्षेत्रफल वर्गमीटर |
|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री शंकर लाल | सुजानगढ़ | धनलक्ष्मी कॉम्पलेक्स, स्टेशन रोड | 13.99 |

**आयुक्त नगरपरिषद, सुजानगढ़**

राजस्थान सरकार

## कार्यालय, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

E-mail- lohiacollegechuru@gmail.com, Ph. No. 01562-250362, Website- Icc.ac.in

क्रमांक :- लोका / लेखा / 2026/625 दिनांक : 12/5/2026

**ई - निविदा सूचना सं. 02/2026-2027**

राजकीय महाविद्यालय, राजलदेसर (चूरू) ( नोडल महाविद्यालय : राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू) में COMMISSIONING OF SMART CLASS ROOM आदि स्थापित करने हेतु इच्छुक निर्माता कम्पनी / डीलर / उक्त कार्य का अनुभव रखने वाली फर्मों से दिनांक 27.05.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा की विस्तृत शर्तें https// sppp. rajasthan.gov.in और https//eproc.rajasthan.gov.in पर देखी और भरी जा सकती है। जिसकी निर्धारित लागत रूपये 19,60,000 /- (अक्षरे रूपये उन्नीस लाख साठ हजार मात्र) है।

NIB No. ECD2627A0056
UBN No. ECD2627GLOE00063

DIPR/C/8517/2026

**प्राचार्य**
**राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू**

राजस्थान सरकार

## कार्यालय, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

E-mail- lohiacollegechuru@gmail.com, Ph. No. 01562-250362, Website- Icc.ac.in

क्रमांक :- लोका / लेखा / 2026/627 दिनांक : 12/5/2026

**ई - निविदा सूचना सं. 01/2026-2027**

राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू में COMMISSIONING OF ICT LAB आदि स्थापित करने हेतु इच्छुक निर्माता कम्पनी / डीलर / उक्त कार्य का अनुभव रखने वाली फर्मों से दिनांक 27.05.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा की विस्तृत शर्तें https// sppp. rajasthan. gov.in और https//eproc.rajasthan.gov.in पर देखी और भरी जा सकती है। जिसकी निर्धारित लागत रूपये 20,00,000/- (अक्षरे रूपये बीस लाख मात्र) है।

NIB No. ECD2627A0055
UBN No. ECD2627GLRE00062

DIPR/C/8516/2026

**प्राचार्य**
**राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू**

न्यायालय

## श्रीमान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश

सुजानगढ़
न. मु. 06/2026

बाबुलाल बनाम सर्व साधारण आदि

**प्रार्थना पत्र धारा 10 गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट**

बाबुलाल बिजारणिया प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र धारा 10 गार्जियन एण्ड वार्ड्स एक्ट विकृतचित मन्जीत बिजारणिया पुत्र बाबुलाल बिजारणिया, निवासी ग्राम हरासर, तहसील सुजानगढ़, जिला चूरू के संरक्षक नियुक्त होने हेतु सर्वसाधारण, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा पड़िहारा के विरुद्ध प्रस्तुत किया है। प्रार्थी के पुत्र विकृतचित मन्जीत बिजारणिया के शरीर व सम्पति हेतु संरक्षक बाबुलाल बिजारणिया को नियुक्त किया जाये।

अतः सर्वसाधारण को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 29-05-2026 को प्रातः 08.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से अथवा वकील के द्वारा उपस्थित होकर कार्यवाही करें।

नोटिस आज दिनांक 27-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया।

मुद्रा न्यायालय

**आज्ञा से**
**रीडर**
**अपर जिला न्यायाधीश**
**सुजानगढ़ जिला चूरू**

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड -सादुलपुर (राजस्थान) 331023

eephedsadulpur@gmail.com ee.phed.sdlp.chu@rajasthan.gov.in

क्रमांक 74-84 दिनांक 12.5.2026

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the HonÓble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in, and http//eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 21-05-2026 (18:00 hrs)

| NIT NO. | UBN No. |
|---|---|
| 02 | PHE2627WSRC01017 |
| 03 | PHE2627WSRC01020 |

SAVE WATER-SAVE LIFE

**(Narendra Kumar Kachhawaha)**
**Executive Engineer,**
**PHED Division Sadulpur**
**Contact- 82791-01286**

DIPR/C/8484/2026

## विवाधकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन

**(आदेश 5 सी.पी.सी.)**

**नोटिस**

न्यायालय सहायक कलेक्टर महोदय,
तारानगर (चूरू)
वाद सं.- 309 सन् 2025
हनुमानप्रसाद बनाम अंजना आदि

वादी हनुमानप्रसाद ने अदालत हाजा में एक बाद घोषणात्मक एवं कृषिभूमि विभाजन अन्तर्गत धारा 88, 53 आर.टी. एक्ट का दायर किया है अतः आप प्रतिवादीगण कान्ता पुत्री कन्हैयालाल, कान्ता प्रसाद पुत्र किशोरीलाल, किशन पुत्र प्रदीप कुमार खेताराम पुत्र बालुराम, गीता पत्नी राधेश्याम, गीता देवी पुत्री रामेश्वर गोपीराम पुत्र रामदयाल, गोरीशंकर पुत्र बालमुकुन्द, चांद देवी पुत्री रामेश्वर, जगदीशप्रसाद पुत्र किशोरीलाल, दुर्गाप्रसाद पुत्र बालमुकुन्द देवकीनन्दन पुत्र कन्हैयालाल, प्रहलादराम पुत्र मदनलाल, पवन कुमार पुत्र देवीलाल, पुष्प पत्नी किशनलाल, बजरंगलाल पुत्र जीतमल, बंशीधर पुत्र जीतमल, बिमला देवी पत्नी स्व. कन्हैयालाल, भंवरलाल पुत्र हनुमानप्रसाद, भागीरथ पुत्र रामस्वरूप, राजेश्वप्रसाद पुत्र गजानंद, लादूराम पुत्र रामनिराण, शंकर जोशी पुत्र प्रहलादराम, श्यामसुन्दर पुत्र कन्हैयालाल, श्यामसुन्दर पुत्र रागश्वर, सुनील पुत्र मनोहरलाल, सुनील कुमार पुत्र सीतादेवी पत्नी भागीरथ, सुभाष पुत्र प्रदीप कुमार, सरला देवी पत्नी स्व. प्रदीप कुमार, सावित्री पुत्री कन्हैयालाल जातिगण ब्राह्मण व सुगरा पत्नी राफी मोहम्मद जाति तेली निवासीगण बायं तहसील तारानगर जिला चूरू को उत्तर देने के लिये दिनांक 08/06/2026 को 10 बजे दिन के व्यक्तिशः या वकील द्वारा जो कि मुकदमें हाल से परिचित किया गया है मुकदमें सम्बधी समस्त महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जात प्रश्न का उत्तर दे सके उपस्थित होने के लिये आमंत्रित किया जाता है।

ज्ञात रहे कि उपरोक्त तारीख को आप उपस्थित न हुये तो आपकी अनुपस्थिति में सुनकर निर्णय कर दिया जावेगा।

दिनांक- 12/05/2026

**सहायक कलक्टर**
**तारानगर जिला चूरू**

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग विभाग, परियोजना खण्ड रतनगढ़

**ई-निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू. एफ. एण्ड ए. आर. पार्ट -II अपेडिक्स 16 दिनांक 01.07.99 से लागू एवं समय - समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों ( आज तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं संबंधित कार्यो में अनुभव रखने वाली फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं।

निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 6 में अंकित तिथि तक सायं 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते हैं। वैब साईट पर तकनीकी बिड कॉलम संख्या 7 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में दोपहर 3.00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी। किसी भी निविदा या उसके भाग को सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

Egrass (electronic government receipt accouting system web site https//egras.raj.nic.in) के माध्यम से बोली शुल्क बजट मद 0075-00-800-52-01, धरोहर राशि, एवं ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रूपये 50.00 लाख तक 500/- रूपये तथा 50.00 लाख से अधिक 1500 /- रूपये बजट मद 8658-00-102-16-02 Managing Director, RISL Payable at jaipur जो कि एक ही चालान से जमा करवाना आवश्यक होगा।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क (राशि रूपयें में) | निविदा डाउनलोड / अपलोड करने की तिथियां | निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 02/2026-27 | Shifting of Water Supply Pipe line behind 220 KV GSS Ratangarh under RWR near GSS at Ratangarh under Project division Ratangarh Dist. Churu | 09.77 | 19532.00 | 500.00 | 13.05.26 to 20.05.26 | 21.05.26 | 30 Days |

**नोट :-** निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं अन्य शर्ते निम्नलिखित वैब साईट पर देखी जा सकती है 1. www.dipron-line.org 2. http//sppp.rajasthan.gov.in 3. http//eproc.rajasthan.gov.in

**प्रकृति का अनुपम उपहार**
**स्वच्छ जल का सबको उपहार**

DIPR/C/8450/2026

**अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वा.अभि. विभाग, परियोजना खण्ड रतनगढ़**

## परिवहन विभाग की कार्रवाई: 274 बिना नंबर वाले वाहनों पर मौके पर अंकित कराए पंजीयन नंबर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग ने पुलिस के सहयोग से संयुक्त अभियान चलाकर 274 बिना पंजीयन नंबर वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की पालना में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी की ओर से गठित एसआईटी के तहत चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। इस दौरान ऐसे 274 वाहन पकड़े गए जिन पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं थे। विभाग की टीम ने मौके पर ही वाहनों पर पंजीयन नंबर अंकित करवाए। अभियान के दौरान विशेष रूप से ट्रैक्टरों के पीछे लगी ट्रॉलियों पर भी पंजीयन नंबर लिखवाने की कार्रवाई की गई। वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट वाले वाहन सड़क पर नहीं चलाएं। साथ ही बताया गया कि यदि ट्रैक्टर पंजीकृत है तो उसका पंजीयन क्रमांक ट्रॉली पर भी अंकित करना अनिवार्य है। परिवहन विभाग ने चेतावनी दी है कि समझाइश के बाद भी जिन वाहनों पर पंजीयन नंबर अंकित नहीं पाए जाएंगे, उनके खिलाफ भविष्य में सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में लगातार जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। बिना नंबर वाले वाहनों पर अंकुश लगने से दुर्घटना के बाद वाहन चालकों की पहचान करना आसान होगा और नियमों की पालना सुनिश्चित की जा सकेगी।




## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए आगे आया परिवहन विभाग: परिसर में बांधे परिंडे



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने पक्षियों के संरक्षण और जनजागरूकता के उद्देश्य से विभागीय परिसर में परिंडे बांधने का अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाकर उनमें नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प लिया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी इंदु मीणा ने कहा कि विभाग को प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों का भी जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जल स्रोतों की कमी के कारण पक्षियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और हर वर्ष बड़ी संख्या में पक्षियों की प्यास से मौत हो जाती है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने घर, दुकान, कार्यालय और आसपास के स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर उनमें स्वच्छ पानी और दाना उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान परिंडों पर यातायात नियमों से संबंधित संदेश भी अंकित किए गए, ताकि लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में शहर के सार्वजनिक स्थलों पर भी परिंडे लगाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव, परिवहन निरीक्षक व विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## जेवीवीएनएल की ततैया टीम की कार्रवाई: 3 हजार से अधिक अवैध केबल जब्त, 4 ट्रांसफार्मर उतारे

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** जेवीवीएनएल की ततैया टीम ने डिफॉल्टरों और अवैध बिजली कनेक्शनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा के निर्देश पर सहायक अभियंता आनंद तिवारी के नेतृत्व में विभिन्न टीमों ने क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर अवैध केबल जब्त किए और बकाया राशि वसूली की। कनिष्ठ अभियंता शहर मयंक मिश्रा एवं उनकी टीम ने सुबह से अभियान चलाकर करीब 110 अवैध केबल जब्त कर स्टोर कार्यालय में जमा कराए। वहीं कनिष्ठ अभियंता ग्रामीण विशाल जायसवाल की टीम ने डीसी-पीडीसी परिसरों की जांच करते हुए करीब 3000 अवैध केबल उतरवाकर स्टोर कार्यालय में जमा करवाए। कनिष्ठ अभियंता मरैना और उनकी टीम ने कार्रवाई के दौरान मौके पर ही करीब 4.5 लाख रुपए की बकाया राशि जमा करवाई। साथ ही बकाया भुगतान नहीं होने पर चार ट्रांसफार्मर उतारकर स्टोर राजाखेड़ा में जमा कराए गए। इनमें परसोदा, हथवारी फीडर, आनंदपुर और मरैना क्षेत्र के ट्रांसफार्मर शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश शर्मा, भूदेव सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, लक्ष्मण सिंह, चित्र सिंह, यूनिश खां, अयूब खां, संजीव, घनश्याम, सोनेश व संदीप दीक्षित सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।




### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम अनवर अली (ANWAR ALI) से बदलकर अनवर अली लिलगर (ANWAR ALI LILGAR) रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम अनवर अली लिलगर (ANWAR ALI LILGAR) से जाना-पहचाना जावे।

**अनवर अली लिलगर पुत्र बाबू लाल खोकर जाति-लिलगर निवासी-पंचमुखी बालाजी मन्दिर के पास कस्बा-सुजानगढ, जिला-चूरू**


# मनरेगा की जगह लेगा 'विकसित भारत-जी राम जी' अधिनियम ग्रामीण रोजगार की नई इबारत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भारत की ग्रामीण रोजगार व्यवस्था 1 जुलाई 2026 से एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचित 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबी-ग्राम जी अधिनियम, 2025 लागू होते ही मनरेगा समाप्त हो जाएगा। सरकार का कहना है कि नया कानून केवल रोजगार गारंटी नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण और विकसित भारत /2047 के लक्ष्य को गति देने का माध्यम बनेगा। नए अधिनियम की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता रोजगार गारंटी में वृद्धि है। अब प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का वैधानिक रोजगार मिलेगा। इससे ग्रामीण मजदूर परिवारों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है, खासकर उन इलाकों में जहां खेती पर निर्भरता अधिक है और साल के कई महीनों तक रोजगार के अवसर सीमित रहते हैं। जिन परिवारों के पास पहले से मनरेगा जॉब कार्ड हैं और जिनका ई-केवाईसी पूरा हो चुका है, उन्हें तुरंत किसी नई प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। नए ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी होने तक पुराने कार्ड मान्य रहेंगे।
कानून के अनुसार, रोजगार की मांग करने के 15 दिनों के भीतर काम देना अनिवार्य होगा। यदि प्रशासन ऐसा करने में विफल रहता है, तो श्रमिक बेरोजगारी भत्ते के हकदार होंगे। पहले 30 दिनों तक अधिसूचित मजदूरी का कम से कम एक-चौथाई और उसके बाद आधी मजदूरी का भुगतान करना होगा। मजदूरी सीधे श्रमिकों के बैंक या डाकघर खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। भुगतान में देरी होने पर प्रतिदिन 0.05 प्रतिशत मुआवजा देने का प्रावधान सरकार की जवाबदेही को और मजबूत बनाता है। इससे ग्रामीण श्रमिकों की लंबे समय से चली आ रही भुगतान विलंब की शिकायतों में कमी आने की उम्मीद है। सरकार ने मनरेगा से नए कानून में संक्रमण को पूरी तरह 'निर्बाध' बताया है। 1 जुलाई 2026 तक शुरू किए गए सभी मनरेगा कार्य नए अधिनियम के तहत जारी रहेंगे और अधूरी सार्वजनिक परिसंपत्तियों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अतिरिक्त श्रम बजट भी उपलब्ध कराया गया है ताकि रोजगार में किसी प्रकार की कमी न आए। कार्यस्थलों पर उपस्थिति दर्ज करने के लिए फेस ऑथेन्टिकेशन तकनीक लागू की जाएगी, लेकिन नेटवर्क या तकनीकी दिक्कतों वाले क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्था भी रखी जाएगी। यदि श्रमिकों को गांव से 5 किलोमीटर से अधिक दूरी पर काम दिया जाता है, तो उन्हें मजदूरी के अतिरिक्त 10 प्रतिशत परिवहन व आवास भत्ता भी मिलेगा। नया अधिनियम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक टिकाऊ और उत्पादक बनाने पर केंद्रित है। इसके तहत जल संरक्षण, ग्रामीण आधारभूत संरचना, आजीविका संवर्धन, बाढ़ व सूखा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन शमन जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार ने ठेकेदारों और श्रम-विस्थापक मशीनों पर पूर्ण प्रतिबंध जारी रखा है, ताकि अधिकतम रोजगार मानव श्रम के माध्यम से ही उपलब्ध हो। 'विकसित ग्राम पंचायत योजना' के तहत ग्राम पंचायतें स्थानीय जरूरतों के आधार पर योजनाएं तैयार करेंगी और ग्राम सभाएं उन्हें अनुमोदित करेंगी। इससे गांवों में भागीदारी आधारित विकास मॉडल को बढ़ावा मिलेगा। पारदर्शिता और सामाजिक जवाबदेही को भी कानून का प्रमुख आधार बनाया गया है। प्रत्येक कार्यस्थल पर 'जनता बोर्ड' लगाया जाएगा, जिसमें कार्य का विवरण, स्वीकृत लागत, सामग्री का उपयोग और अनुमानित श्रम दिवस सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित होंगे। ग्राम पंचायतों को नियमित प्रकटीकरण बैठकें आयोजित करनी होंगी और मस्टर रोल, भुगतान तथा स्वीकृतियों का डिजिटल व भौतिक रिकॉर्ड उपलब्ध कराना होगा। जिला स्तर पर सामग्री व्यय को कुल लागत के 40 प्रतिशत तक सीमित रखने का प्रावधान किया गया है

## मंत्री के काफिले से निकला 'ग्रीन मंत्र', सुमेरपुर में ईवी क्रांति की शुरुआत

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** रेगिस्तानी इलाके सुमेरपुर से शुक्रवार को ऐसा संदेश निकला, जिसने विकास और पर्यावरण संरक्षण को एक ही मंच पर ला खड़ा किया। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और प्रदूषण के दौर में भाजपा नेताओं ने इलेक्ट्रिक स्कूटी अपनाकर 'ग्रीन इंडिया' की ओर बड़ा कदम बढ़ाया। खास बात यह रही कि इस अभियान को खुद राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोगाराम ने नेतृत्व देते हुए जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। डुंगलाई मामा जी मंदिर परिसर में उस समय माहौल खास बन गया, जब भाजपा के निवर्तमान उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा ने पेट्रोल वाहन को अलविदा कहकर नई ईवी स्कूटी खरीदी। मंत्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर स्कूटी का शुभारंभ किया तो वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने तालियों के साथ 'ग्रीन सुमेरपुर-ग्रीन भारत' के नारे लगाए। कार्यक्रम केवल एक वाहन खरीदने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह ऊर्जा बचत, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बन गया। मंत्री कुमावत ने कहा कि आने वाला समय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और सोलर एनर्जी का है। यदि हर परिवार ईंधन की बचत कर सौर ऊर्जा अपनाए तो देश न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि आर्थिक रूप से भी आत्मनिर्भर बनेगा।
उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना' का जिक्र करते हुए कहा कि अब गांव-गांव और शहर-शहर हर छत पर सोलर पैनल लगाने का समय आ चुका है। 'हर घर बिजली पैदा करेगा, हर परिवार ऊर्जा बचत करेगा और हर नागरिक पर्यावरण प्रहरी बनेगा,' मंत्री ने कहा।
कार्यक्रम में मंत्री की सादगी और व्यवहारिक सोच भी चर्चा का केंद्र बनी रही। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि मंत्री स्वयं अपने काफिले में अनावश्यक वाहनों के उपयोग को कम कर चुके हैं और लगातार लोगों को ईंधन बचाने का संदेश दे रहे हैं। यही वजह है कि अब सुमेरपुर में भाजपा कार्यकर्ता 'ईंधन बचाओ-पर्यावरण बचाओ' अभियान को जनआंदोलन बनाने में जुट गए हैं।
इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र माली, पूर्व आयुक्त अनोप सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, पूर्व सरपंच मांगीलाल मालवीय, गणेश भाटी, अमृत परिहार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने इलेक्ट्रिक वाहन और सौर ऊर्जा को अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## अफीम सप्लाई मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** पुलिस थाना सांभरलेक ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए अफीम सप्लाई करने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद ने बताया कि 10 मई 2026 को पुलिस थाना फुलेरा द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी रोकेश खटीक एवं रोकेश भील के कब्जे से 220 ग्राम गीला अफीम तथा परिवहन में प्रयुक्त एक ऑल्टो कार जब्त की गई थी। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मादक पदार्थ की सप्लाई अजमेर जिले के नया गांव निवासी जयराम गुर्जर द्वारा की गई थी। प्रकरण की जांच थाना सांभरलेक द्वारा शुरू की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के निर्देशन तथा थाना प्रभारी राममिलन मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने सूचना संकलन और तकनीकी सहायता के आधार पर लगातार प्रयास करते हुए आरोपी जयराम को किशनगढ़ अजमेर से डिटेन कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी जयराम पुत्र मंगलाराम गुर्जर (34) निवासी नया गांव थाना मदनगंज जिला अजमेर का है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भिजवा दिया।

## जालोर कांग्रेस सेवादल की बैठक में संगठन मजबूती पर की चर्चा

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित राजीव गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष व जोन प्रभारी जोधपुर, उदयपुर संभाग मोहन हटेला के मुख्य आतिथ्य व जालोर जिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह दासपां की अध्यक्षता व सेवादल जिला प्रभारी भरत ललवानी के विशिष्ट आतिथ्य में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जॉन प्रभारी मोहन हटेला ने कहा कि सेवादल का 3 दिवसीय आवासीय कैंप सगठन के ऑनलाइन सदस्यता अभियान को गति से चलाने पर विशेष जोर देते हुए संगठन को अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने के लिए प्रत्येक माह में जिला कार्यकारिणी की नियमित रूप से बैठकें आयोजित करने तथा महीने के अंतिम रविवार को ध्वज वंदन कार्यक्रम अनिवार्य रूप से करने की बात कही। सेवादल प्रभारी भरत ललवानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में सेवादल सगठन को रीढ़ की हड्डी माना जाता है। इस सगठन के कार्यकर्त्ता निष्ठावान और पार्टी के प्रति समर्पित होकर कार्य करते हैं। हमें मजबूती के साथ सेवादल को और अधिक मजबूत बनाना हैं। सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह दासपाँ ने बताया कि संगठन की विभिन्न गतिविधियों को सुचारू व प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लेते हुए कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष भोमा राम, पूर्व जिलाध्यक्ष सेवादल पुखराज, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष आहोर पोला राम लुकड़, जालौर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश गर्ग, सायला ब्लॉक अध्यक्ष आसु खा, जिला उपा अध्यक्ष राजेश बालोटिया, मांगी लाल गर्ग, रणछोड़ राम देवासी, जीवन सिंह रावणा, पुखराज पोषाणा, लक्ष्मण सांखला, नरेंद्र मेगवाल इरफ़ान खान सहित सेवादल पदाधिकारी मौजूद रहे।

## *8 गांव एक मंच पर, शिक्षा और संस्कार का महाकुंभ: मेधावियों के सम्मान में उमड़ा समाज*

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(पाली)।** बाली विधानसभा क्षेत्र के चामुंडेरी गांव में शुक्रवार को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने पूरे क्षेत्र को नई प्रेरणा दे दी। श्री मारू कुमावत सेवा संस्थान बारी परगना के तत्वावधान में आयोजित आठ गांवों के प्रथम स्नेह मिलन एवं प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह में समाज की एकजुटता और शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता खुलकर नजर आई। नाणा, आमलिया, चामुंडेरी, भंदर, सेंदला, बेड़ा, भाटूंद और बलवना गांवों से पहुंचे सैकड़ों समाजबंधुओं की मौजूदगी में कार्यक्रम सामाजिक चेतना के महाकुंभ में बदल गया। मंच पर जब मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान हुआ तो पूरा पांडाल तालियों की गूंज से गूंज उठा। समारोह के मुख्य अतिथि पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि 'समाज का भविष्य केवल डिग्रियों से नहीं, बल्कि संस्कारवान शिक्षा से मजबूत होगा। आज का युवा यदि शिक्षा और तकनीक में आगे बढ़ेगा तो पूरा समाज नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।' उन्होंने कहा कि गांवों की प्रतिभाओं को मंच देने की ऐसी पहल समाज में नई क्रांति ला सकती है। आठ गांवों का यह ऐतिहासिक स्नेह मिलन सामाजिक एकता और जागरूकता की मिसाल है। समाज को अब शिक्षा, संगठन और संस्कार के दम पर आगे बढ़ना होगा। समारोह में संतश्री श्री 1008 श्री गोविंद वल्लभ दास जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में समाज को एकता और सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाजसेवी लादुराम मुलेवा, नारायण लाल गहलोत, जवानमल परमार, पुखराज टांक, प्रताप भूराजी मुलेवा, नारायण लाल जीवाजी सोलंकी, मगनलाल जसाजी सुंदेशा, चंपालाल चांदोरा तथा राष्ट्रपति सम्मानित ओमप्रकाश आचार्य सहित कई नागरिक मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा अभियान के तहत फुलेरा में डिकॉय ऑपरेशन, तीन मनचले गिरफ्तार

**फुलेरा(निस)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस की ओर से चलाए जा रहे महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत कस्बा फुलेरा में महिला पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन, स्कूल एवं कॉलेज क्षेत्रों में सादा वर्दी में डिकॉय ऑपरेशन चलाकर महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण श्री हनुमान प्रसाद ने बताया कि अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील जांगिड़ के निर्देशन व उप निरीक्षक रेखा यादव के नेतृत्व में टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी रखी। इस दौरान कुछ युवक राह चलती महिलाओं व छात्राओं पर अभद्र टिप्पणियां करते पाए गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रोहित, इन्द्रजीत और मोहम्मद रफीक को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में मामला दर्ज किया। आरोपियों से पूछताछ के दौरान उन्होंने रोजाना उक्त स्थानों पर आने की बात स्वीकार की।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य प्रहलादराम पुत्र केशराराम जाति जाट निवासी उड़सर लोडेरा तहसील सरदारशहर की पुत्री समेस्ता सारण अपनी मर्जी से सुरेंद्र बेनीवाल पुत्र महावीर बेनीवाल निवासी बालरासर आथुणा तहसील चूरू के साथ घर छोड़कर चली गई है। मेरे अभिभाष्य की पुत्री समेस्ता सारण मेरे अभिभाष्य के कहने सुनने में नहीं है। समेस्ता सारण का मेरे अभिभाष्य व उसके परिवार से कोई संबंध सरोकार नहीं है। अत: मेरा अभिभाष्य अपनी पुत्री समेस्ता सारण को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता है। समेस्ता सारण के कृत्यों से मेरे अभिभाष्य का कोई ताल्लुक नहीं है। कोई भी समेस्ता सारण के साथ लेनदेन करता है या सम्बन्ध रखता है तो मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सांवरमल सारण एडवोकेट न्यायालय परिसर सरदारशहर**

**OFFICE OF THE COMPTROLLER**
**Rajasthan University of Veterinary and Animal Science (Jobner)**

**F.3(5)(2)Ruvas (Jbn.)/Comp./Procurement/Second/2026-27/459** **Date :- 11/05/2026**

**संशोधन आदेश**

राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, (जोबनेर) जयपुर के विभिन्न प्रकार की पशु सुखा चारा, भूसा दर–अनुबंध पर उपलब्ध कराने हेतुं जारी निविदा UBN NO. RJV2627GLRC00003 मे निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:–

1. निविदा प्रपत्र के पृष्ठ संख्या–4 (Technical Cover Checklist) के क्रम संख्या–2 पर अंकित शर्त को निम्नानुसार पढ़ा जावे :– "The bidder must have past experience in supplying dry fodder or items specified in the bid document for a minimum average amount of ₹ 58.00 lakh or higher in the last three financial years (2023-24,2024-25and 2025-26). A certificate of experience/work order issued by a government department/Board/ corporation/PSU/ university /An institute partly or fully funded by state goversnment grants must be attached to support this experience." एवं पृष्ठ संख्या–9 पर अंकित शर्त 26 को निम्नानुसार पढ़ा जावे :– ''निविदादाता का पशु सूखा चारा (Dry fodder) एवं निविदा प्रपत्र में उल्लेखित सामग्री में पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2023–24, 2024–25 एवं 2025–26) में न्यूनतम औसत राशि रू 58.00 लाख सप्लाई का अनुभव होना चाहिए। अनुभव के समर्थन में किसी राजकीय विभाग/बोर्ड/निगम/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/विश्वविद्यालय/राज्य सरकार द्वारा आंशिक एवं पूर्ण अनुदानित संस्था द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र/कार्य आदेश संलग्न करना आवश्यक है।''
2. पृष्ठ संख्या–9 पर अंकित शर्त 25 को निम्नानुसार पढ़ा जावे '' निविदादाता का पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2023–24, 2024–25 एवं 2025–26) में न्यूनतम औसत टर्न ओवर राशि रू. 68.00 लाख़ का होना चाहिए। टर्नऑवर प्रमाण पत्र सी.ए. द्वारा प्रमाणित होना आवश्यक है।''

**राज.संवाद/सी/26/2860** **वित्त नियंत्रक**

### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सानिवि वृत शहर जयपुर

**पी.डब्ल्यू.डी. कैम्पस, जैकब रोड, जयपुर क्लब के सामने, जयपुर**

कमांक- 213 दिनांक:- 12/05/2026

**निविदा सूचना संख्या-03 / 2026-27**

जयपुर जिले मे 01 निर्माण कार्यों हेतु इच्छुक निविदादाताओं द्वारा दिनांक 03.06.2026 सायं 06.00 बजे तक निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा से संबन्धित अन्य विवरण राज्य की उपापन पोर्टल (http//eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट http//pwd rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते हैं। उपापन की अनुमानित लागत रूपये 384.16 लाख है।

| S.NO | UBN NO. |
| --- | --- |
| 1 | PWD2627WSOB02186 |

DIPR/C/8561/2026

**(ए.एन. रावत)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**सानिवि वृत शहर, जयपुर**

प्रारूप - 10
नियम 6 (7) देखिए

### प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक

क्रमांक: नपासा/ 2026 / 341 दिनांक 15/5/26

**-: लोकसूचना :-**

श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री मूलचन्द शर्मा निवासी - गणपतपुरा रोड, भाकरोटा जयपुर, व श्री जितेन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामस्वरूप शर्मा निवासी - नारायण विहार जेड ब्लॉक बंदावलों की ढाणी, सांगानेर जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात्

| क.सं | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाहा गया उपयोग |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | जयपुर | कस्बा-सांभर | 2618/444, 2620/448, 442, 443, 447, 449 | कुल किता 06 रकबा 1.8864 हैक्टेयर | कुल किता 06 रकबा 1.8864 हैक्टेयर भूमि को आवासीय में रूपान्तरण हेतु। |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू - रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 15/5/26 को जारी की गयी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**नगरपालिका मण्डल**

### Executive Engineer Public Health Engineering Department City Division I (S), Gandhi Nagar, Jaipur

S. No. 591-605 Date: 13/05/2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for Various Works are invited from interested bidders. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan. gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state.

| UBN No. | NIT's For the Year 2026-27 | Last Date & time for online submission of tender document. |
| --- | --- | --- |
| PHE 2627 WSOB 01076 | NIT-03 | 25.05.2026 upto 06:00 PM |

DIPR/C/8580/2026

**Executive Engineer**
**PHED, City Div. I (S)**
**Gandhi Nagar, Jaipur**

## बगड़िया अस्पताल के एंट्री गेट पर खुले गड्ढे बन रहे हादसों का कारण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय बगड़िया अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के पास बने खुले नाले और गड्ढे आमजन के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। अस्पताल परिसर में प्रवेश करते समय लोगों को एक-दो नहीं बल्कि चार गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे आए दिन वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार अस्पताल आने वाले बाइक सवार कई बार इन गड्ढों में गिर चुके हैं। रात के समय समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। देर रात यदि कोई वाहन चालक गड्ढों में फंस जाए या गिर जाए तो मदद के लिए भी कोई आसानी से नहीं मिलता। कई बार कारों के टायर भी गड्ढों में फंसने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सांड चौक निवासी शिव पारीक ने बताया कि हाल ही में वह अपने रिश्तेदार के साथ अस्पताल से बाहर निकल रहे थे, तभी उनकी कार का टायर गड्ढे में फंस गया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से वाहन को बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि देर रात ऐसी स्थिति में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं पास के व्यापारी मनोज प्रजापत ने नगरपरिषद प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान करवाने की मांग की है, ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों और आमजन को राहत मिल सके।

## गौसेवा से बढ़कर कोई तीर्थ नहीं: सिहाग




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** गौसेवा का पुण्य अनेक तीर्थो में स्न्नान करने से ज्यादा है। गाय में समस्त देवता निवास करते है। इससे गौ सेवा से सभी देवों की पूजा हो जाती है। यह विचार आज शुक्रवार को मुकुंदगढ़ मार्ग स्थित कामधेनु गौशाला में मंडावा नायब तहसीलदार मुकेश सिहाग ने अपनी माता सावित्री देवी की पुण्य स्मृति पर कही। उन्होंने इस अवसर पर गौमाता को गुड़ व हरा चारा खिलाया व पुण्य आत्मा की शांति की प्रार्थना गौमाता से की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष किशोर सिंह, रविंद्र शर्मा, प्रकाश स्वामी, गोवर्धन, वंश, गजेंद्र सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

## सीएमएचओ ने किया बिसाऊ सीएचसी का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने शुक्रवार को सीएचसी बिसाऊ का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई व्यवस्था व विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में हीट वेव से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मरीजों एवं उनके परिजनों को राहत पहुंचाने के लिए पर्याप्त पेयजल, कूलर, पंखे, छायादार बैठने की व्यवस्था तथा ओआरएस कॉर्नर को नियमित रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए हीट स्ट्रोक से बचाव के प्रति आमजन को जागरूक करना भी आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने अस्पताल परिसर, वार्ड, लेबर रूम, ओपीडी व शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में नियमित सफाई, बायो मेडिकल वेस्ट का सही निस्तारण तथा मरीजों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण व बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने संस्थागत प्रसव को बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान व नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि अधिक से अधिक प्रसव संस्थागत स्तर पर करवाकर मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने किशोरियों में एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूकता बढ़ाने व पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान विद्यालयों एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने पर भी चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा योजना) की भी समीक्षा की गई। सीएमएचओ ने योजना के अंतर्गत पैकेज बुकिंग की स्थिति, क्लेम प्रोसेस एवं रिजेक्शन मामलों की जानकारी लेते हुए अनावश्यक रिजेक्शन कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित कार्मिकों को दस्तावेजों की गुणवत्ता सुधारने, समय पर ऑनलाइन एंट्री करने व मरीजों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए गंभीरता से कार्य करने को कहा। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी व अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी गाइडलाइन की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश

**सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर व समिति अध्यक्ष संदेश नायक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलक्टर संदेश नायक ने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन व रोड सेफ्टी प्रोटोकॉल की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर उसका गंभीरता से क्रियान्वयन किया जाए तथा आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए चयनित 15 स्थानों की सर्वे रिपोर्ट की समीक्षा की गई। साथ ही यादगार से सीतापुरा तक




आदर्श पथ विकसित करने के संबंध में जेडीए, पुलिस व नगर निगम की ओर से की गई कार्यवाही पर चर्चा हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि उक्त मार्ग को सुरक्षित, सुगम एवं आदर्श यातायात मार्ग के रूप में विकसित करने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की पूर्व बैठकों में लिए गए निर्णयों की क्रियान्विति की समीक्षा की गई। जयपुर शहर में 'फ्री लेफ्ट' व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए किए गए कार्यों की वस्तुस्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके अलावा फूड वैन व अन्य मॉडिफाइड वाहनों के विरुद्ध की गई कार्रवाई तथा सड़क दुर्घटनाओं की जांच के लिए गठित समिति की ओर से दिए गए सुझावों पर विभागवार कार्यवाही की समीक्षा भी की गई। जिला कलक्टर ने मानसून के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां जलभराव की स्थिति बनती है वहां त्वरित जल निकासी सुनिश्चित की जाए, नालों की नियमित सफाई करवाई जाए तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़कों के गड्ढों को प्राथमिकता से भरवाया जाए। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली व सीवरेज कार्यों के लिए सड़क कटिंग विभिन्न विभाग आपसी समन्वय से करें ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की स्थिति एवं सुधारात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान, सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग रोकने, सड़कों पर पर्याप्त रोशनी एवं साइनेज सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत हेलमेट व सीट बेल्ट की अनिवार्य पालना सुनिश्चित कराने, ट्रैफिक सिग्नल पर स्टॉप लाइन का पालन करवाने, नो-पार्किंग क्षेत्रों में कार्रवाई करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग, तेज गति, अनाधिकृत पार्किंग व रिफ्लेक्टिव टेप संबंधी नियमों के उल्लंघन पर नियमित प्रवर्तन कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

बैठक में सिटी बसों का निर्धारित बस स्टैंड के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर ठहराव रोकने, शाम के समय अधिक यातायात दबाव वाले मार्गों का आकलन करने तथा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हीकरण एवं सुधार कार्यों को गति देने पर भी चर्चा की गई।

इसके अतिरिक्त दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले गुड सेमेरिटन को प्रोत्साहित व सम्मानित करने, सड़क सुरक्षा क्लबों को सक्रिय करने तथा यातायात नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर दक्षिण युगांतर शर्मा सहित यातायात, पुलिस, जेडीए, नगर निगम, चिकित्सा व स्वास्थ्य, सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाकाबंदी तोड़ भागे बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़: एक के पैर में गोली लगी, दो गैंगस्टर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** रतनगढ़ में निवर्तमान पार्षद के घर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों और पुलिस के बीच गुरुवार को चूरू के तारानगर रोड स्थित बीड़ क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा भागते समय घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए डीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने ढाढ़र टोल नाके पर नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान संदिग्ध बिना नंबर की कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन बदमाशों ने पुलिस वाहन को टक्कर मारकर नाकाबंदी तोड़ दी और फरार हो गए। पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और पूछताछ के लिए चूरू शीतला चौकी ले आई। तलाशी के दौरान बदमाशों ने पिस्टल निकाल ली और तारानगर रोड स्थित गोशाला के पास बीड़ क्षेत्र में भाग निकले। इसके बाद डीएसटी, एजीटीएफ, कोतवाली और सदर थाना पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी। पुलिस से घिरने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने सेल्फ डिफेंस में फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी। बदमाशों की फायरिंग में एक गोली पुलिस जवान की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी, जिससे वह सुरक्षित बच गया। पीछा करने के दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। मुठभेड़ की सूचना मिलने पर एसपी निश्चय प्रसाद एम, एएसपी सुनील कुमार, एजीटीएफ प्रभारी अभिजीत (आईपीएस) और डीएसपी



सुनील कुमार झाझड़िया मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी अनमोल सिंह निवासी जालंधर और रोहित निवासी होशियारपुर (पंजाब) को हिरासत में लिया है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद दोनों को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया जाएगा। एसपी निश्चय प्रसाद एम ने प्रेस वार्ता में बताया कि दोनों आरोपी गैंगस्टर रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण गैंग से जुड़े हुए हैं। इन्हीं के इशारे पर रतनगढ़ में फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपियों के पास से विदेशी पिस्टल बरामद हुई है, जिसे वे पंजाब से लेकर आए थे। पुलिस अब विदेशी हथियारों की सप्लाई नेटवर्क की भी जांच कर रही है। रतनगढ़ थाना क्षेत्र में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार बदमाशों ने निवर्तमान पार्षद राजकुमार प्रजापत के परिवार को एक करोड़ रुपए की फिरौती नहीं पहुंचाने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद घर के बाहर पहुंचकर फायरिंग की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चूरू कोतवाली, सदर और रतनगढ़ थानों में विभिन्न गंभीर धाराओं में मामले दर्ज किए हैं।

## अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं पर भड़के विधायक पूसाराम गोदारा, प्रभारी डॉक्टर को लगाई फटकार

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** क्षेत्र की जनता से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विधायक पूसाराम गोदारा ने गुरुवार को राजलदेसर के सरकारी अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में अव्यवस्थाओं का अंबार मिलने पर विधायक ने प्रभारी चिकित्सक डॉ. कपिल धाभाई को कड़ी फटकार लगाई और व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक गोदारा ने अस्पताल में स्टाफ की कमी, दवाइयों की अव्यवस्था और मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और आमजन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजलदेसर जैसे बड़े क्षेत्र के अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सकीय स्टाफ तक उपलब्ध नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। विधायक ने मौके पर ही चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक और सीएमएचओ से दूरभाष पर बात कर अस्पताल से अन्यत्र लगाए गए लैब टेक्नीशियन को वापस लगाने, फार्मेसिस्ट की कमी दूर करने तथा दवा वितरण केंद्रों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने दवाई वितरण व्यवस्था को सुचारू रखने और मरीजों को समय पर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाने पर जोर दिया। विधायक गोदारा ने प्रभारी चिकित्सक को अस्पताल में नियमित और समय पर उपस्थित रहने, इमरजेंसी के दौरान उपलब्ध रहने तथा भविष्य में किसी प्रकार की शिकायत नहीं आने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि जनता के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जब्बार खोखर, दौलतराम कड़वासरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहनलाल मेघवाल, इदरीश खत्री, नब्बीबकस निर्बान, सरवन मेघवाल व कालूराम मेघवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एसडीएम का अधिवक्ता संघ व कार्यालय स्टाफ सदस्यों ने किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** उपखंड अधिकारी सुनील कुमार का नागौर के मेड़ता सिटी स्थानांतरण होने पर शुक्रवार को उपखण्ड कार्यालय चूरू में अधिवक्ता संघ व कार्यालय स्टाफ सदस्यों की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील झाझडिया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने एसडीएम सुनील कुमार का साफा, शॉल व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। तहसीलदार अशोक गोरा ने साफा व प्रतिक चिन्ह् भेंट किया। नायब तहसीलदार चुन्नीलाल ने एसडीएम सुनील कुमार के प्रशासनिक कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें एक कर्मठ, मृदुभाषी, संवेदनशील एवं जनहितैषी अधिकारी बताया। तहसीलदार अशोक गोरा ने कहा कि कि उपखंड अधिकारी के रूप में सुनील कुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर मतदाता सूचियों के प्रकाशन, ग्राम पंचायतों के वार्डों के पुनर्गठन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित किया। साथ ही उन्होंने 500 से अधिक राजस्व परिवादों का प्रभावी निस्तारण कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान की। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं को गंभीरता व संवेदनशीलता से सुनकर उनका समाधान



करना उनकी कार्यशैली की विशेष पहचान रही। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील झाझडिया ने भी सुनील कुमार के कार्यकाल की प्रशंसा की। वक्ताओं ने उनके सौम्य व्यक्तित्व, अनुशासित कार्यशैली, धैर्यशील व्यवहार एवं प्रशासनिक दक्षता की प्रशंसा की तथा नवीन पदस्थापन स्थल मेड़ता सिटी, नागौर के लिए आगामी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान नायब तहसीलदार महेंद्र गहलोत, अति प्रशासनिक अधिकारी प्रवीण कुमार, निजी सहायक सुरेश कुमार, संदीप कुमार, विजेंद्र सिंह, उपेंद्र, अधिवक्ता हनुमान स्वामी, सुरेंद्र राहड़, हनुमान सिंह, नरेंद्र सिहाग, नरेंद्र लाम्बा, देवकीनंदन, हेमंत, धर्मपाल, सुनील, महेंद्र, रितुराज, सुनीता, लक्ष्मी सहित कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बजरंग शर्मा व हेमन्त शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

## राज्य सरकार की कृषि योजनाओं से बदली किसान कैलाश पिपलोदा की तकदीर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राज्य सरकार की ओर से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और खेती को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से संचालित योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। ग्राम रथ अभियान 2026 के तहत ग्राम पंचायत चीथवाड़ी के किसान कैलाश पिपलोदा इसकी मिसाल बनकर सामने आए हैं। कैलाश पिपलोदा ने बताया कि पहले वे पारंपरिक तरीके से खेती करते थे, जिससे समय अधिक लगता था और मजदूरी खर्च भी बढ़ जाता था। समय पर कृषि कार्य नहीं होने से उत्पादन भी प्रभावित होता था। इसी दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने उन्हें राज्य सरकार की कृषि यंत्र योजना की जानकारी दी। योजना के तहत उन्हें कृषि यंत्र खरीदने पर 50 प्रतिशत अनुदान प्राप्त हुआ। आधुनिक कृषि यंत्र मिलने के बाद खेती का कार्य आसान और समयबद्ध हो गया। बुवाई व कटाई समय पर होने लगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि हुई और आय भी बढ़ी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से उन्हें खेती में नई दिशा मिली है और अब उनकी खेती अधिक लाभकारी बन गई है। कैलाश पिपलोदा ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कृषि विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही हैं। उन्होंने अन्य किसानों से भी इन योजनाओं का लाभ उठाकर आधुनिक खेती अपनाने की अपील की।

### मनमाने एमआरपी पर सख्त कानून की मांग

# ग्राहक पंचायत: कंपनियां और व्यापारी मिलकर उपभोक्ताओं को लगा रहे चूना

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** बाजार में उत्पादों पर मनमाने अधिकतम खुदरा मूल्य अंकित कर उपभोक्ताओं से अधिक राशि वसूलने के मामलों को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने केंद्र सरकार से सख्त कानून बनाने की मांग उठाई है। संगठन ने प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तथा उपभोक्ता मामलों के मंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था में एमआरपी तय करने की कोई स्पष्ट सीमा नहीं होने से उपभोक्ताओं का खुलेआम आर्थिक शोषण हो रहा है। ग्राहक पंचायत के



जिला मंत्री राजकुमार गौड़ ने बताया कि संगठन देशभर में एमआरपी व्यवस्था को लेकर जागरूकता अभियान चला रहा है। इसके तहत केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें एमआरपी के दुरुपयोग और सरकारी तंत्र की निष्क्रियता से पैदा हो रही समस्याओं से अवगत कराया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि मौजूदा कानून में यह कहीं निर्धारित नहीं है कि किसी उत्पाद का अधिकतम खुदरा मूल्य किस सीमा तक तय किया जा सकता है। इसी खामी का फायदा उठाकर निर्माता, एजेंट, व्यापारी और खुदरा विक्रेता अपनी सुविधा अनुसार ऊंचा एमआरपी छाप देते हैं, जबकि वास्तविक बाजार मूल्य उससे काफी कम होता है। बाद में ग्राहकों को भारी छूट का लालच देकर सामान बेचा जाता है। जबकि असल में उपभोक्ता से अधिक राशि वसूली जाती है। संगठन ने मांग की कि सरकार एमआरपी निर्धारण की वैज्ञानिक और पारदर्शी प्रणाली लागू करे तथा उत्पाद की लागत, कर और लाभांश के आधार पर अधिकतम सीमा तय करने संबंधी कानून बनाएं। ग्राहक पंचायत का कहना है कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो बाजार में उपभोक्ता हितों को और अधिक नुकसान होगा। प्रांत सह सचिव डॉ प्रभा पारीक ने बताया कि इसी ज्वलंत विषय को लेकर 25 मई को जंतर-मंतर दिल्ली में आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष वैद्य महेंद्र कुमार शर्मा, तहसील अध्यक्ष घनश्याम भोजक, सरिता शर्मा, नीलम चौधरी, जगदीश जोशी, मनोज गौड़, आसाराम मेघवाल, गंगाराम सुथार, शंकरलाल शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।